दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 21 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 63 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## मेरठ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने किया रूट डायवर्जन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को जनपद मेरठ में नमो भारत आरआरटीएस ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के इस वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को कड़ा किया गया है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए व्यापक रूट डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 22 फरवरी को सुबह छह बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले यातायात पर विशेष नियंत्रण रहेगा। इस दौरान कई प्रमुख मार्गों पर भारी व्यावसायिक वाहनों, रोडवेज और प्राइवेट बसों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### प्रमुख मार्गों पर जाम की आशंका

### एक्सप्रेसवे को बनाया गया वैकल्पिक मार्ग




करंट क्राइम : गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले भारी वाहन, रोडवेज एवं प्राइवेट बसों को ईस्टर्न पैरीफेरल-वे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के माध्यम से भेजा जाएगा। वहीं, कुंडली और पलवल की ओर से आने वाले वाहनों को दुहाई कट से गाजियाबाद शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों पर न जाएं और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। इसके साथ ही यातायात पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की गई है।

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम : सीपी



करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए गाजियाबाद और मेरठ पुलिस के साथ-साथ विशेष सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर हैं। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी के जरिए निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि स्थिति के अनुसार डायवर्जन प्लान में आंशिक बदलाव भी किया जा सकता है। आमजन से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

### इन मार्गों पर सबसे अधिक असर

करंट क्राइम : डायवर्जन के चलते राज चौपला मोदीनगर, मोदीनगर-मेरठ मार्ग, मुरादनगर, गंगनहर पटरी मार्ग, भोजपुर-निवाड़ी रोड सहित कई प्रमुख संपर्क मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा। पुलिस का अनुमान है कि सुबह और दोपहर के समय इन मार्गों पर जाम की स्थिति बन सकती है।

## मीरपुर में कूड़ा प्लांट पर टकराव तेज, एक मार्च को बड़े आंदोलन का ऐलान

### सीपी, डीएम, नगर आयुक्त व डीसीपी ने गांव पहुंचकर की वार्ता, चार दिन बाद फिर होगी बैठक

**गाजियाबाद, करन्ट क्राइम।** लोनी क्षेत्र के मीरपुर हिंदू गांव में प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच खींचतान खुलकर सामने आ गई है। गांव में पिछले कई दिनों से चल रहे धरने के बीच शुक्रवार को जिले के शीर्ष अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे और किसानों व ग्रामीणों से सीधी बातचीत की। पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी ज्ञान प्रकाश राय प्रशासनिक टीम के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने पूर्व प्रधान अरुण त्यागी के आवास पर ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ लगभग एक घंटे तक गहन चर्चा की।



### ग्रामीणों का आरोप: गांव को कूड़ाघर बनाने की तैयारी

करंट क्राइम : धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट गांव की आबादी और कृषि भूमि के बेहद नजदीक प्रस्तावित है। इससे बदबू, प्रदूषण और भूजल दूषित होने का खतरा बढ़ेगा। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि प्लांट शुरू होने के बाद पूरे इलाके की हवा और पानी प्रभावित होगा, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी सूरत में गांव के आसपास कूड़ा प्रबंधन प्लांट नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने प्लांट को पूरी तरह दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग दोहराई।

### प्रशासन का पक्षः सिर्फ लोनी नगर पालिका का कचरा

करंट क्राइम : वार्ता के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रस्तावित प्लांट में नगर निगम का शहरभर का कूड़ा नहीं डाला जाएगा। केवल लोनी नगर पालिका क्षेत्र का सीमित कचरा वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्लांट पर्यावरण मानकों के अनुरूप स्थापित किया जाएगा और आधुनिक तकनीक का उपयोग होगा, जिससे दुर्गंध और प्रदूषण की समस्या नहीं होगी। इसके साथ ही गांव के विकास के लिए स्कूल और बारात घर निर्माण का आश्वासन भी दिया गया। प्रशासन ने धरना समाप्त कर समाधान के लिए सकारात्मक संवाद जारी रखने की अपील की।

### एक मार्च को बड़ा आंदोलन, माहौल हुआ गर्म

करंट क्राइम : हालांकि ग्रामीण प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट नहीं दिखे। बैठक के बाद ग्रामीणों ने एक मार्च को बड़े आंदोलन की घोषणा कर दी है। उनका कहना है कि यदि प्लांट निर्माण पर तत्काल रोक नहीं लगी तो क्षेत्र के किसान और आसपास के गांवों के लोग भी आंदोलन में शामिल होंगे। गांव में इस मुद्दे को लेकर माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रशासन ने चार दिन बाद फिर से विस्तृत बैठक कर समाधान निकालने की बात कही है। अब नजर अगली वार्ता पर टिकी है—क्या प्रशासन तकनीकी और पर्यावरणीय तर्कों से ग्रामीणों को मना पाएगा या फिर मीरपुर में आंदोलन और तेज होगा।

## सीएम योगी की बड़ी घोषणा: शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये हर महीने मिलेंगे, अनुदेशकों को 17 हजार

**लखनऊ।** सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 10 हजार की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने कहा, जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार देंगे। शिक्षकों के लिए पांच लाख कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी।




**विश्वविद्यालयों की ओर से 5000 से ज्यादा पेटेंट की फाइलिंग :** सीएम योगी ने कहा, विश्वविद्यालयों की ओर से 5000 से ज्यादा पेटेंट की फाइलिंग हुई है, जिसमें 300 से ज्यादा स्वीकृत हो चुके हैं। 2017 के पहले निजी विश्वविद्यालयों की स्वीकृति के लिए पिक एंड चूज किया जाता था। प्रदेश के छह मंडल तो ऐसे थे कि जहां एक भी विश्वविद्यालय नहीं था।

हमने मां शाकुभरी विश्वविद्यालय की स्थापना की। अब इन मंडलों में विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। हम सिर्फ राज्य के ही विश्वविद्यालय नहीं बना रहे हैं बल्कि निजी विश्वविद्यालय को भी बढ़ावा दे रहे हैं साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों को बुला रहे हैं जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा कर सकें।

**बजट में 100 करोड़ की व्यवस्था की :** सीएम ने डिजिटल एन्टरप्रेन्योर योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके तहत गांवों में आठ हजार डिजिटल उद्यमी स्थापित करेंगे।

## नगर निगम के हाईटेक सदन व कार्यकारिणी कक्ष का हुआ लोकार्पण

### महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त ने किया उद्घाटन

### 100 पार्षदों के नाम हुए सदन कक्ष में दर्ज

**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नवनिर्मित हाईटेक सदन कक्ष एवं कार्यकारिणी कक्ष का भव्य लोकार्पण महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के समस्त पार्षद, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पूर्व में आग लगने की घटना से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके सदन कक्ष का अब व्यापक स्तर पर जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक स्वरूप प्रदान किया गया है। नवीनीकरण के बाद सदन कक्ष में 100 पार्षदों के बैठने की सुव्यवस्थित, आरामदायक और मानकों के अनुरूप व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अधिकारियों के लिए भी पृथक एवं समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विशेष रूप से सदन कक्ष में सभी 100 पार्षदों के नाम स्थायी रूप से अंकित किए गए हैं, जिससे प्रत्येक वार्ड प्रतिनिधि की पहचान और गरिमा को सम्मान मिला है।









### पहले से ज्यादा भव्य और हाईटेक हुआ सदन कक्ष

**करंट क्राइम :** जीर्णोद्धार कार्य के दौरान संपूर्ण विद्युत वायरिंग को बदला गया, अलग इलेक्ट्रिक पैनल स्थापित किया गया, आधुनिक फर्नीचर और नए एयर कंडीशनर लगाए गए तथा अग्नि सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक संयंत्र भी लगाए गए हैं। सदन कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बेहतर ध्वनि प्रणाली और सुरक्षित वातावरण तैयार किया गया है। साथ ही माननीय कार्यकारिणी कक्ष को भी हाईटेक सुविधाओं से सुसज्जित कर बैठकों और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया गया है। महापौर सुनीता ने कहा कि नगर निगम का सदन कक्ष शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों का केंद्र है, इसलिए इसे आधुनिक और सुरक्षित बनाना प्राथमिकता थी। उन्होंने निर्माण विभाग की टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर सुविधाओं से पार्षदों और अधिकारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में आसानी होगी। नगर आयुक्त ने भी निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की और सभी पार्षदों को नवीन सदन कक्ष के लिए शुभकामनाएं दीं।

## निगम का नया सभागार रहेगा अपने उद्घाटन की तिथि को लेकर भी एक तरह से यादगार

### सब कुछ था यहां इंतजार, तकरार और पार्षदों का आपसी प्यार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के नये सभागार का उद्घाटन हुआ। अब निगम कार्यकारिणी की बैठक भी यहीं होगी। और निगम की बोर्ड बैठक भी यहीं होगी। सभागार का इंतजार था और जब ये इंतजार खत्म हुआ तो ये उदघाटन यादगार रहा। यहां इंतजार भी था, यहां तकरार भी थी और कहीं कहीं शब्दों के साथ कुछ करार भी था। बड़ी बात ये है कि नगरायुक्त के रूप में आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक की एक पहल और उनके एक विजन का एक सकारात्मक परिणाम इस सभागार के रूप में आया। ये एक सौगात निगम को मिली है। निगम पार्षदों के लिए सुविधा है। अपना सभागार है तो अब हिन्दी भवन जैसे स्थल की आवश्यकता नहीं रहेगी। नये साल में निगम की पहली बैठक इसी सभागार में होगी। एक इंतजार खत्म हुआ लेकिन जब इसके उदघाटन का समय आया तो यहां इंतजार हो गया। बताते हैं कि इसके उदघाटन का समय शुक्रवार को तीन बजे रखा गया था। उदघाटन को लेकर पार्षदों में उत्साह था और वो 12 बजे ही निगम आ गये थे। मेयर सुनिता दयाल तीन बजे यहां पहुंची मगर यहां मेयर और पार्षदों को नगरायुक्त का इंतजार करना पड़ा। इंतजार की वजह भी सरकारी कार्य था। मंडलायुक्त लोनी आये और यहां उनके साथ अधिकारियों को मौके पर रहना था। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी लोनी गये और यहां उन्हें समय लगा। पार्षद और मेयर उनका इंतजार करते रहे और नगरायुकत लगभग पांच बजे नगर निगम पहुंचे। तब ये इंतजार खत्म हुआ और उसके बाद नगरायुक्त और मेयर ने संयुक्त रूप से नये सभागार का उदघाटन किया।





**क्यों आ गया नाम वाले बोर्ड को देखकर प्रवीण चौधरी और राजीव शर्मा को गुस्सा**

करंट क्राइम। राजनीति में सारा झगड़ा ही नाम का होता है। अगर नाम ही ना हो तो फिर राजनीति किस काम की। इंतजार के बाद जब सीन तकरार का आया तो यहां किस्सा नाम का आया। दरअसल निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर प्रवीण चौधरी और राजीव शर्मा दोनों रहे हैं। वर्तमान में प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हैं। लेकिन यहां सीन तकरार वाला तब बना जब इन दोनों ने अपना नाम बोर्ड पर देखा और ये भी देखा कि नाम के आगे निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाला कोई कॉलम ही नहीं है।

निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का नाम लिखा जाता है और उसी से ये पता चलता है कि कौन इस पद पर रहा है। यहां पर विरोध प्रकट करते हुए ये कहा गया कि आखिर नामों के साथ ओहदे का जिक्र क्यों नहीं है। क्यों नाम के आगे पद नहीं लिखा गया है। दोनों ने इस बात को लेकर प्रतिवाद किया। और ये कहा कि सोची समझी रणनीति के तहत ये नाम हटाया गया है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### जब हो गया शब्दों के अंदाज को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा

करंट क्राइम। सभागार का उदघाटन हो रहा था और इंतजाम के बाद पहले नाम को लेकर तकरार हुई और फिर शब्दों को लेकर तकरार हो गयी। पार्षद शीतल चौधरी नाराज हो गयीं और नाराजगी की वजह शब्द रहे। मेयर ने कुछ ऐसा कह दिया कि वो शीतल चौधरी को अच्छा नहीं लगा। मेयर ने किसी बात पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उस हमले का जिक्र कर दिया। अब बात किस लहजे में की गयी थी ये मेयर बेहतर जानती हैं लेकिन पार्षद शीतल चौधरी को ये शब्द कटाक्ष लगे। पार्षद शीतल चौधरी ने मौक पर ही अपनी नाराजगी व्यक्त की। और करंट क्राइम से बातचीत में पार्षद शीतल चौधरी ने ये कहा कि वो इस बात की शिकायत महानगर अध्यक्ष से करेंगी और क्षेत्रीय अध्यक्ष से करेंगी।



# दिल्ली में भाजपा की रेखा सरकार का एक साल पूरा

## यह वादों की नहीं, काम की सरकार है... सीएम रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट कार्ड में गिनाए काम

**ये सरकार वादों की नहीं, नतीजों की सरकार है**

**दिल्ली में 100 अटल कैंटीन काम कर रहीं**




**हम गरीब कल्याण के लिए काम करते हैं**

**हमने दिल्ली में वर्क कल्चर को बदला है**

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता ने बतौर मुख्यमंत्री एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

दिल्ली की भाजपा सरकार ने आज अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में, मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों और प्रदेश के विकास के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'आज सरकार को एक साल पूरा हुआ है। शायद इसी समय हम इस सचिवालय में पहुंचे थे। आज की यह रिपोर्ट कार्ड हमारे एक वर्ष के तथ्य है। यह सरकार वादों की नहीं बल्कि काम की सरकार है। हमने एक वर्ष में दिल्ली को ठहराव की ओर ले जाने की कोशिश की है। हमने कागज कम और काम ज्यादा के पैटर्न को फॉलो किया। हमने अपनी पहली कैबिनेट में आयुष्मान योजना पर काम किया था। हमने 10 लाख का हेल्थ कवर दिया। हमने अटल कैंटीन को इस विजन के साथ शुरू किया ताकि कोई भूखा न सोए। दिल्ली में 70 अटल कैंटीन शुरू की गई है।'

सीएम ने बताया, 'पिछली कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान योजना को लागू किया। इस एक वर्ष में हेल्थ कवर के लिए 7 लाख लोग पंजीकृत हुए और 30,000 से अधिक लोगों ने आयुष्मान और वय वंदना योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त किया। आज दिल्ली में 70 अटल कैंटीन संचालित हो रही हैं, जहां 5 रुपये में गरीबों, श्रमिकों और मजदूरों को सम्मानजनक तरीके से भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। झुग्गीवासियों के लिए हमने 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, ताकि झुग्गियों में भी नाली, खड़ंजा, पार्क, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3 लाख पानी के बिल माफ किए गए हैं, जो नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत है। इसके अलावा, 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर तैयार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करना है।

सरकार का लक्ष्य 1100 ऐसे मंदिरों को स्थापित करना है। हिम्स के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया है, और लगभग एक लाख आभा आईडी कार्ड बनाकर उन्हें हिम्स से जोड़ा गया है।

दिल्ली में आयुष सोसाइटी का गठन किया गया है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए 4000 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें से 1300 नर्सिंग स्टाफ की भर्ती पूरी हो चुकी है।

सीएम ने बताया कि दिल्ली को एक विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर वाले स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है, और हर स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दिल्ली खेल महाकुंभ में 25 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया, और उन्हें सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। नरेला में 1360 करोड़ रुपये खर्च कर जमीन अधिग्रहित की गई है, जहाँ एक 'एजुकेशन सिटी' विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री का मानना है कि दिल्ली का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय होना चाहिए, जो इसे वास्तव में 'दिल्ली' बनाएगा। सड़कों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया है।

## दिल्ली में भाजपा सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड

### अटल कैंटीन

- दिल्ली में 70 अटल कैंटीन काम कर रही हैं। रोजाना 70 हजार लोग 5 रुपये में खाना खा रहे हैं।

### झुग्गियों-बस्तियों में विकास

- 700 करोड़ का बजट झुग्गियों में विकास के लिए दिए गए जिसमें स्नानघर, शौचालय, सड़क बनवा रहे हैं।
- जहां झुग्गी, वहीं मकान पर भी काम कर रहे हैं। सालों से इनके लिए बने फ्लैट्स को रेनोवेट कर रहे हैं।
- 13000 झुग्गियों का रेनोवेशन हो रहा है।
- 500 पालना केंद्र खोले गए हैं।
- न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाया गया है।
- बस्तियों में 85 करोड़ रुपये का काम शुरू करवाया है।
- पीने के पानी की लाइन कई किलोमीटर नयी बनी
- 180 KM नई सीवर लाइन डाली गई।
- 110 सीवर को रिप्लेस किया गया।
- चंद्रावल प्लान में चल रहे काम को इस साल पूरा कर लिया जाएगा।
- 3 नए वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाने जा रहे हैं।
- 3 लाख 52 हजार लोगों ने पानी का बिल सेटल कर लिया है। 1400 करोड़ रुपये का लाभ लोगों को मिला है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र के काम

- 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनवाए गए। इस साल 1100 बन जाएंगे।
- 5 हॉस्पिटल में नए ब्लॉक बनाए गए।
- हॉस्पिटल में जो मशीनों की कमी थी उसको पूरा कर रहे हैं।
- हॉस्पिटल में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ल्क्ष्टर लागू किया है।
- 1 लाख आभा कार्ड बनाए गए हैं।
- दिल्ली में आयुष सोसाइटी बनाने का काम भी इसी साल हुआ है।
- दिल्ली में डॉक्टर्स और नर्स की कमी को पूरा करने के लिए 4000 वैकेंसी निकाल रहे हैं।

### शिक्षा क्षेत्र के काम

- फी रेग्युलेशन एक्ट लेकर आये। इससे पहले कोई कानून ही नहीं था दिल्ली में जिससे फीस रोक सके।
- 7 हजार स्मार्ट क्लास रूम, 75 CM श्री स्कूल बनाए गए।

### खेल के क्षेत्र में काम

- खेल के क्षेत्र में भी अच्छा काम हुआ है। खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया।
- CM खेल प्रोत्साहन योजना के तहत देश में सबसे ज्यादा पैसे देने का फैसला किया है।
- ओलंपिक में गोल्ड मेडल के लिए 7 करोड़ रुपये, सिल्वर करोड़ के लिए 5 करोंड़ रुपये और ब्रॉन्ज मेडल के लिये 3 करोड़ रुपये देने का फैसला लिया गया है।

### फ्लाईओवर और ड्रेनेज पर काम

- दिल्ली को दिल्ली बनाना जरूरी है। ढहऊकी 1400 ङ्ट में से 500 ङ्ट को 1 साल में वाल टू वाल कारपेटिंग का काम हो गया है।
- ड्रेन में डिसिल्टिंग का काम चल रहा है। बारापुला फ्लाईओवर इस साल के जून तक दिल्ली जनता को सुपुर्द कर देंगे।
- ड्रेनेज मास्टर प्लान : 56 हजार करोड़ की लागत से नया मास्टर प्लान बनेगा। इसका काम शुरू हो गया है।

### यमुना सफाई

- पहले की सरकारों ने कभी यमुना पर ध्यान ही नहीं दिया। यमुना गंदी होती है, उसमें जो गंदा पानी गिरता है उसकी वजह से। हमने पहले दिन से इसपर काम करना शुरू कर दिया था।
- 37 STP बहुत बुरी स्थिति में थी। उनमें से 28 को अपग्रेड कर दिया गया है। 9 पर काम चल रहा है।
- 34 नए STP बनाने का टेंडर का काम शुरू हो गया है।
- दिल्ली में पहले 700 MGD STP ट्रीट करने की क्षमता थी। इसको हम 1500 टऋ्रऊतक लाना है। फिलहाल 814 टऋ्रऊतक हम पहुंच गए हैं।

### प्रदूषण

- प्रदूषण पर पिछली सरकार ने कभी काम नहीं किया। सिर्फ नारे लगाए।
- हमने धूल और धुआं दोनों पर काम शुरू किया। ये साल भर का काम है।
- इसमें पूरी दिल्ली में वॉल टू वॉल कारपेटिंग किया जा रहा है।
- दिल्ली में 35 लाख भारतीय पौधे लगेंगे।
- दिल्ली में आज 4000 एश बसें हैं। इतनी बड़ी एश की फ्लीट किसी राज्य में नहीं है।
- 9000 चार्जिंग स्टेशन बनाने हैं।

### कूड़े के पहाड़

- ये बना ही पिछली सरकारों की वजह से हुआ था। हर दिन 11000 मेट्रिक टन कूड़ा जेनरेट होता था, और लेकिन सिर्फ 4000 मेट्रिक टन कूड़ा प्रोसेस हो पाता था।
- आज हम 30 हजार मीट्रिक टन कूड़ा हर दिन प्रोसेस कर रहे हैं।

---

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कॉलोनी में शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किये जाने व युवती का युवक द्वारा अश्लील विडियों बनाकर वायरल किये जाने व युवक द्वारा शादी से इंकार किये जाने पर युवती द्वारा विरोध जताने पर युवक ने युवती की विडियों सोशल मीडिया पर वायरल किये जाने की धमकी दी है। पीड़िता युवती ने थाने में शिकायत दी है।



अश्लील वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर आरोपि ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। धमकी दी यदि बदनामी नहीं करानी है तो जैसा वह बोले वैसा ही करना पड़ेगा। आरोपी की हरकत से युवती बुरी तरह परेशान हो गई। युवती ने परेशान हो थाने में शिकायत दी है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अप्रिशिएशन अवॉर्ड समारोह

### शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और निदेशक सम्मानित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित प्रतिष्ठित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के परिसर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और निदेशकों को सम्मानित करने के लिए अप्रिशिएशन अवॉर्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षाविद् मौजूद रहे। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों और निदेशकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों का मुख्य आधार उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति, प्रशासनिक दक्षता, बेहतर परीक्षा परिणाम और संस्थान के समग्र विकास में निभाई गई भूमिका को बनाया गया।

सभी सम्मानित सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की साख और सफलता उसके शिक्षकों और नेतृत्व टीम की मेहनत पर टिकी होती है। यह सम्मान न केवल उनके पिछले प्रयासों की सराहना है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके निरंतर संकल्प का प्रतीक भी है।

कार्यक्रम की सफलता पर सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया। प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह नवाचार और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजनों से संस्थान के भीतर एक सकारात्मक कार्य-संस्कृति विकसित होती है। इससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाएं।

## पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने किया 'सूर्या हॉस्पिटल यूनिट-2' का उद्घाटन

### क्षेत्रवासियों को मिलेंगी दिल्ली-गाजियाबाद जैसी आधुनिक सुविधाएं



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** रावली रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ा। क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान सूर्या हॉस्पिटल की दूसरी इकाई सूर्या हॉस्पिटल यूनिट-2 का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। विगत 25-30 वर्षों से आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज के समीप संचालित हो रहे सूर्या हॉस्पिटल की सफलता के बाद अब इसकी दूसरी यूनिट जनता की सेवा के लिए तैयार है। समाजसेवी अजय प्रमुख और डॉ. सुनील चौधरी के नेतृत्व में इस अस्पताल को अत्यंत आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। प्रबंधन का दावा है कि यहाँ मोदीनगर और गाजियाबाद के बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों के स्तर की मशीनें और उपचार उपलब्ध होगा। अस्पताल के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. सुनील चौधरी ने बताया कि यहाँ अनुभवी चिकित्सकों का एक विशेष पैनल तैनात किया गया है।

उद्घाटन समारोह में क्षेत्र की तमाम राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने शिरकत कर डॉ. सुनील चौधरी, अजय प्रमुख और हाजी इस्लाम को नई शुरुआत की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे: अशु वर्मा (पूर्व मेयर) एवं रामकिशोर अग्रवाल (पूर्व मंत्री), वीर पाल मलिक (निजी सचिव, कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी), अमरजीत बिड्डी (प्रदेश अध्यक्ष, सहकारिता प्रकोष्ठ) व कुंवर अयूब अली (एडवोकेट), राजन चौधरी (चेयरमैन, गन्ना समिति) व रामपाल चौधरी (रालोद जिलाध्यक्ष), आनंद चौधरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन) व सचिन सरोहा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, जाट सभा), विकास यादव (जिला पंचायत सदस्य), रीता चौधरी (चेयरमैन, पतला), और अन्य प्रमुख नेतागण। अस्पताल के प्रबंधकों ने बताया कि सभी ओपीडी और इमरजेंसी सुविधाएँ जनता के लिए शुरू कर दी गई हैं। उद्घाटन के मौके पर निजाम चौधरी, संजय जाटव, भूरे चौधरी, ताज चौधरी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल को मुरादनगर के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया।

---

## मोदीनगर पुलिस द्वारा बाइक सीज करने की धमकी

### पुलिस पर 50 हजार मांगने का आरोप, वीडियो वायरल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बाइक सवार युवकों व पुलिस कर्मियों के बीच कहासुनी को एक विडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो में युवक पुलिस कर्मियों पर बाइक छोड़ने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप लगा रहे हैं।

पुलिस ने रिश्वत मांगने के आरोप को नकारा है। जबकि दैनिक करंट क्राइम वायरल विडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो करीब डेढ़ मिनट का है। जिसमें कुछ युवक मोदीनगर स्थित बस स्टैंड चैकी के बाहर खड़े हैं, वहीं पर चैकी प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद है। वीडियो बनाने वाले युवक लगातार कह रहे हैं कि आप रुपये की डिमांड करो। कैमरे पर रिश्वत मांगों, 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हो, ना देने पर बाइक सीज करने की धमकी दी जा रही है। इस पर पुलिस कर्मी कह रहे है कि बनाओ तुम वीडियो बनाओ। बाइक पर चार लोग सवार होकर चलते हो, थाने से गाड़ी बुलाई है, सबको थाने लेकर जाऊंगा। वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है। इस बारे में एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि रिश्वत मांगने का आरोप पूरी तरह गलत है। वीडियो के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

## गाजियाबाद में तीन अपराधी जिला बदर, पांच को हाजिरी का आदेश


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध पर शिकंजा कसने के लिए जिला बदर की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से बदमाशों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत तीन आरोपियों को छह माह के लिए जिले की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।



पुलिस के अनुसार, थाना नंदग्राम क्षेत्र के रहने वाले बोबी उर्फ बॉबी पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उसके खिलाफ इंदिरापुरम थाने में गंभीर धाराओं में आठ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र निवासी नकुल पर दो मुकदमे दर्ज होने के चलते उसे भी जिला बदर किया गया है। इसके अलावा ट्रोनिका सिटी निवासी अनुज पर चार मुकदमे दर्ज हैं, जिसके आधार पर उसके खिलाफ भी यह कार्रवाई की गई है। तीनों आरोपियों को छह माह तक कमिश्नरेट क्षेत्र की सीमाओं से बाहर रहना होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही पांच अन्य अभियुक्तों को स्थानीय थाने में नियमित हाजिरी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी है।

## कौशांबी सेंट्रल पार्क दूधिया रोशनी से नहाया

### पार्षद कुसुम गोयल की पहल पर लगीं 25 नई लाइटें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क के इनर सर्कल में नई लाइटिंग व्यवस्था का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल के विशेष प्रयासों से पार्क के अंदरूनी हिस्से में 25 नई लाइटें लगवाई गई हैं, जिससे अब पार्क शाम के समय भी सुरक्षित और सुंदर नजर आएगा। इस लाइटिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन प्लॉट एरिया के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी चंद्र प्रकाश और पूर्व करवा अध्यक्ष नागेंद्र विजय वर्गीय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बताया कि पार्क का सुंदरीकरण उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने जानकारी दी कि इससे पहले आउटर सर्कल में 35 लाइटें लगाई गई थीं और अब इनर सर्कल को भी कवर कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्क में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और जल्द ही कुछ और नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। कौशांबी का बदला स्वरूप

उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने पिछले 5-7 वर्षों में कौशांबी क्षेत्र में हुए आमूलचूल परिवर्तनों और विकास कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उर्मिला अरोड़ा और वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार आया है। इस अवसर पर सुनील गांधी, शिक्षाविद उर्मिला अरोड़ा, पूर्व रेलवे अधिकारी व पर्वतारोही पवन सैनी, गौरव वर्मा, पप्पू चौपाल से पवन गुप्ता, भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा, सरोज वर्मा, एन.जी. प्रसाद, महाराज सिंह, जगमोहन शर्मा, और रंजना झा आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद यशपाल पहलवान ने राजीव कॉलोनी में किया विकास कार्य का उद्घाटन



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भोपुरा वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। 'विकास किया है, विकास करूँगा' के संकल्प के साथ उन्होंने राजीव कॉलोनी, सी-ब्लॉक की गली नंबर 6 में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

पार्षद यशपाल पहलवान ने विकास कार्य का उद्घाटन स्वयं न करके वार्ड के सम्मानित बुजुर्गों और गणमान्य व्यक्तियों के हाथों से कराया। इस दौरान उन्होंने कहा, जनता की आशाओं पर खरा उतरना ही मेरी प्राथमिकता है। वार्ड 20 के हर कोने को मूलभूत सुविधाओं से लैस करना मेरा लक्ष्य है। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय निवासियों ने पार्षद का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने बताया कि इस गली में जलभराव और जर्जर रास्तों की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, जिसका समाधान अब होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड अध्यक्ष डॉ. कमल, चंदन गोपाल, पंडित, शिव राम, मोहन, सतीश, अमित कल्याणी, कमल कुमार, श्याम शर्मा, इरशाद अली, गज्जमफर अली, नज्जुरद्दीन, साहिद, कालू, ललित, खालिद मलिक, राजीव राठौर, महेश, सूरज भाई, डॉ. चोपड़ा, यासीन जमील आदि लोग मौजूद रहे।


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शनिवार 21 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


# नगर निगम की बैठक को लेकर फिर सस्पेंस

## 24 फरवरी की तारीख पर सवाल, इनविटेशन जारी लेकिन अंदरखाने इमरजेंसी कनेक्शन एक्टिव

### - क्या पर मिलेगी बैठक की नई डेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम की लंबे समय से प्रतीक्षित बोर्ड बैठक एक बार फिर सस्पेंस के घेरे में आ गई है। 24 फरवरी को प्रस्तावित बैठक के लिए गुरुवार को लेकर महापौर सुनीता दयाल की ओर से अधिकारियों और सभी पार्षदों को औपचारिक सूचना भेजी गई थी। सूचना मिलते ही निगम के राजनैतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हुई, लेकिन देर रात तक आते-आते पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, जिस दिन बोर्ड बैठक प्रस्तावित है, उसी दिन एक प्रमुख अधिकारी के लखनऊ में रहने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा कार्यकारिणी से जुड़े कुछ अहम पदाधिकारी भी राजधानी में व्यस्त रह सकते हैं। यही कारण है कि बैठक को लेकर निगम के भीतर इमरजेंसी कनेक्शन बनने लगे हैं और तय तारीख पर बैठक होने को लेकर अनिश्चितता गहरा गई है। हालांकि, अब तक न तो बैठक को स्थगित करने का कोई आधिकारिक आदेश जारी हुआ है और न ही यह साफ किया गया है कि बैठक हर हाल में कराई जाएगी। इसी असमंजस ने पूरे नगर निगम सिस्टम को इंतजार की स्थिति में ला खड़ा किया है।

### महीनों से टली बैठक, बढ़ता गया असंतोष


करंट क्राइम : नगर निगम की आखिरी नियमित बोर्ड बैठक को कई महीने बीत चुके हैं। इस दौरान न तो वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा हो सकी और न ही नागरिक समस्याओं पर सदन में चर्चा हो पाई। बीते समय में कभी लोकसभा-विधानसभा के सदन का हवाला दिया गया, तो कभी निर्माण और मेंटेनेंस कार्यों का। नतीजतन, हाउस टैक्स, किराया निर्धारण, विकास बजट और अन्य अहम प्रस्ताव फाइलों तक ही सीमित रह गए। बीते दिनों नए सदन और पार्षद भवन के उद्घाटन के बाद यह संकेत मिला था कि अब बोर्ड बैठक की राह साफ होगी। पार्षदों को उम्मीद जगी कि लंबित योजनाओं पर निर्णय होगा,हाउस टैक्स और विकास कार्यों पर खुली बहस होगी और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इसी क्रम में 24 फरवरी की तारीख सामने आई, लेकिन अब वही तारीख सस्पेंस का कारण बन गई है।

### हाउस टैक्स और विकास पर पार्षदों का सख्त रुख




करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि यदि बोर्ड बैठक नियमों और पार्षदों के अधिकारों के अनुरूप नहीं हुई, तो वे इस मुद्दे को लखनऊ तक ले जाएंगे। पार्षदों का कहना है कि उनके वार्डों में सड़क, नाली, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसे काम अटके हैं,जनता जवाब मांग रही है,और बिना बोर्ड बैठक के प्रशासनिक फैसले लिए जा रहे हैं।

### क्या कोर्ट के फैसले का हो रहा इंतजार?




करंट क्राइम : इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि नगर निगम के भीतर यह चर्चा भी तेज है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी से जुड़ा मामला अदालत में लंबित है। कुछ पार्षदों को आशंका है कि र्ट का फैसला आने तक बैठक टालने की रणनीति अपनाई जा रही है, ताकि फैसले को आधार बनाकर सदन में होने वाले विरोध को नियंत्रित किया जा सके। इसी संदेह ने बैठक को लेकर माहौल और संवेदनशील बना दिया है।




### आगे की तस्वीर क्या कहती है, कब होगी बैठक?

करंट क्राइम : उधर गाजियाबाद नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि यदि 24 फरवरी की बैठक में कोई बदलाव होता है, तो फरवरी के भीतर ही नई तारीख घोषित की जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि बैठक होली से पहले कराई जाए। हालांकि, यदि इसमें भी देरी हुई तो पार्षदों का विरोध खुलकर सामने आ सकता है और निगम प्रशासन पर दबाव और बढ़ेगा। दरअसल बैठक पर सस्पेंस की वजह है कि प्रमुख अधिकारी का लखनऊ प्रवास है। तो कार्यकारिणी सदस्यों की संभावित अनुपस्थिति बैठक को लेकर आधिकारिक स्थिति स्पष्ट नहीं है। उधर पार्षदों का कहना साफ है कि लंबित विकास कार्यों पर निर्णय हो, हाउस टैक्स पर सदन में चर्चा वार्ड-वार योजनाओं को मंजूरी मिले। साथ ही कहा जा रहा है कि अगर लखनऊ तक मामला गया तो प्रशासन पर राजनीतिक दबाव बढ़ेगा। साथ ही जनता में नाराजगी और गहरी होगी।

# भारत मंडपम प्रकरण पर भाजपा युवा मोर्चा का विरोध आज

## पुतला दहन का ऐलान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने भारत मंडपम में कांग्रेस पार्टी के युवा विंग द्वारा की गई कथित हरकतों को राष्ट्र की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती हैं और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के अनुसार, राष्ट्रीय महत्व के स्थल पर हुई घटना को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। संगठन ने इसे राष्ट्रहित से जुड़ा विषय बताते हुए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने की घोषणा की है।

### शनिवार को विरोध प्रदर्शन

करंट क्राइम : जारी सूचना के मुताबिक, शनिवार 21 फरवरी को दोपहर 2 बजे गाजियाबाद के हिंट राजनगर चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राहुल गांधी का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें संबंधित प्रकरण में कार्रवाई की मांग की जाएगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं संगठन की मर्यादा के अनुरूप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान सर्वोपरि है तथा संगठन राष्ट्रहित के मुद्दों पर सदैव सक्रिय रहेगा।

## कार्यकारिणी की बैठक को लेकर चलाया गया मौके पर हस्ताक्षर अभियान

# सदस्य बोले, हर महीने होनी चाहिए कार्यकारिणी बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नये सभागार का उदघाटन हो रहा था और यहां पार्षदों के हस्ताक्षर का अभियान भी हो रहा था। चौधरी चरण सिंह भवन, अग्रसेन भवन और परशुराम भवन को लेकर पार्षद एक दूसरे के पत्र पर समर्थन के हस्ताक्षर कर रहे थे। इसी बीच एक नया हस्ताक्षर अभियान मौके पर ही कार्यकारिणी बैठक को लेकर हुआ। निगम कार्यकारिणी सदस्य इस बात से नाराज हैं कि कार्यकारिणी बैठक नहीं हो रही। सदस्यों ने हस्ताक्षर



अभियान चलाया और इसमें सदस्यों ने हस्ताक्षर किये। और इसमें नियम ये है कि पांच सदस्य अगर संयुक्त रूप से एकजुट होकर हस्ताक्षर करते हैं तो वो प्रस्ताव माना जाता है। हर महीने कार्यकारिणी बैठक की मांग को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों ने ही हस्ताक्षर किये। नियम भी यहीं है कि अगर पांच सदस्य हैं तो कार्यकारिणी बैठक हो सकती है। हस्ताक्षर अभियान में निगम कार्यकारिणी सदस्य नरेश भाटी, प्रवीण भाटी, देवनारायण शर्मा, पूनम सिंह, संतोष राणा और राजीव शर्मा ने साईन किये।

# चौधरी चरण सिंह भवन की मांग को लेकर अभी शुरू हुई थी कवायद

## - अग्रसेन भवन से लेकर परशुराम भवन की मांग करते हुए आ गये हस्ताक्षर अभियान के साथ पार्षद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के पार्षदों ने अब अपने अपने समाज के महापुरूषों के नाम पर भवन बनाने की मांग उठा दी है। शुक्रवार को दैनिक करंट क्राइम ने ये प्रकाशित किया था कि पार्षदों का एक समूह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम पर एक भवन बनाने की मांग कर रहा है। इसके लिए लैटर अभियान शुरू हुआ था। करंट क्राइम ने बताया था कि ये लैटर पार्षदों से उनके समर्थन में लिए गये हैं। यह भी बताया था कि इस अभियान की कमान जाट पार्षदों ने संभाली है। एक जाट पार्षद नदिया के उस पार से हैं जो दूसरे जाट पार्षद नदिया के इस पार से हैं। कहानी में नया मोड आ गया है और जब जाट पार्षदों की डिजायर का पता चला तो फायर वैश्य समाज और ब्राह्मण समाज की तरफ से भी हो गया। नदियापार के पार्षदों ने ये मांग उठायी। वार्ड संख्या 72 कौशाम्बी की पार्षद कुसुम गोयल तथा उनके पति तथा पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने ये मांग उठायी कि अग्रसेन भवन के लिए नगर निगम भूमि आवंटित करे। वहीं कहानी में मोड तब आ गया जब निगम पार्षद हिमांशु शर्मा ने ये मांग उठा दी कि भगवान परशुराम भवन का निर्माण किया जाये। बताते हैं कि यहां भी समर्थन वाला वार शुरू हो गया है। अभी चौधरी चरण सिंह भवन की सिर्फ मांग उठी थी और इधर डिमांड ही अग्रसेन महाराज से लेकर परशुराम भगवान तक आ गयी है।

### अग्रसेन भवन से लेकर परशुराम भवन की मांग पर समर्थन वाले हस्ताक्षर





करंट क्राइम। अभी तक तो ये हो रहा था कि चौधरी चरण सिंह भवन की मांग हो रही है और इसके लिए समर्थन में पार्षदों के लैटर लिये जा रहे हैं। मगर जब परशुराम भवन और अग्रसेन भवन वाले लैटर सामने आये तो पता चला कि इन पत्रों पर तो समर्थन वाले हस्ताक्षर आ भी गये हैं। अग्रसेन भवन की मांग जिस पत्र के माध्यम से की गयी है, उस पत्र पर पार्षद नीरज गोयल के हस्ताक्षर हैं। परशुराम भवन की मांग करने वाले पंडित हिमांशु शर्मा ने उसपत्र पर भी समर्थन दिया है जिसमें अग्रसेन भवन की मांग की गयी है। पार्षद शिवम शर्मा ने भी अग्रसेन भवन की मांग के लैटर पर हस्ताक्षर किये हैं। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीध चौधरी के भी हस्ताक्षर अग्रसेन भवन के लैटर पर हैं। अग्रसेन भवन से लेकर परशुराम भवन तक आ गये हैं। वार्ड 50 की पार्षद सुमन लता के हस्ताक्षर हैं। पार्षद नीतिन कुमार के हस्ताक्षर हैं और पार्षद नरेश कुमार भाटी से लेकर पूनम सिंह ने हस्ताक्षर किये हैं। कहानी में मोड आ गया है और निगम बोर्ड बैठक में भवन वाला मामला भी उठ सकता है।

# अध्यक्ष वाली पारी खेलने के बाद पूर्व होकर रह गये ये चेहरे

## मिलेगा कोई मुकाम या फिर चलाना पड़ेगा संगठन वाले पदों से ही काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में हर नेता की चाह होती है कि उसे एक मुकाम मिले। राजनीति में कद का पैमाना ही पद होता है। आप सियासत की ऊंचाईयों के कितने निकट हैं इसका एक पैमाना चुनाव वाला टिकट भी है। कहा भी जाता है कि लखनऊ और दिल्ली वाले सदन का रास्ता पहले शहर और जिले वाले संगठन से होकर गुजरता है। भाजपा के इतिहास की बात करें तो यहां जिन चेहरों ने संगठन की कमान संभाली है वो चेहरे फिर सदन के माननीय भी हुए हैं। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी से लेकर मौजूदा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अध्यक्ष वाली पारी खेल चुके हैं। पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेवराज शर्मा भी अध्यक्ष रहे और फिर उनके हिस्से में मंत्री वाला दर्जा भी आया। लेकिन कुछ चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने अध्यक्ष वाली पारी तो खेली उसके बाद उन्हें संगठन वाली जिम्मेदारी मिलती रही लेकिन चुनावी पारी खेलने का मौका ही नहीं मिला। ऐसा नहीं कि इन चेहरों ने दावेदारी नहीं की लेकिन उन पर वो मेहरबानी नहीं हुई और ये चेहरे अब समय के साथ साथ इंतजार कर रहे हैं और ये ही सवाल है कि क्या ये चेहरे सिर्फ पूर्व होकर रह जायेंगे या अभूतपूर्व तरीके से टिकट की दावेदारी में सफल होंगे। जिन चेहरों की बात कर रहे हैं उन्होंने भाजपा के लिए पसीना बहाया है और घरबार छोड़कर महीनों तक पार्टी का काम संभाला है।

### अशोक मोंगा के हिस्से में क्या आयेगा टिकट



करंट क्राइम । अशोक मोंगा भाजपा के वो अध्यक्ष रहे हैं जिन्होंने अपोजिशन में रहकर अपनी एक पोजिशन बनाई। जब वो अध्यक्ष बने तो भाजपा दूर दूर तक सत्ता में नहीं थी। उनका कार्यकाल आंदोलन का कार्यकाल माना जाता है। जुझारू तेवर के नेता रहे हैं। लेकिन जब लहर आयी तो अशोक मोंगा पूर्व हो चुके थे। इसके बाद वो क्षेत्रीय टीम में रहे और रैलियों के संयोजक भी रहे। प्रकोष्ठ के संयोजक वाली प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी भी मिली। लेकिन ये सब संगठन की व्यवस्था की और सरकारी कृपा उनसे दूर रही। दर्जा प्राप्त वाला योग भी नहीं बना और एमएलसी वाली लिस्ट में भी नाम नही आया।

### निगम वाली पारी के बाद से फिर नहीं मिली टिकट वाली जिम्मेदारी



करंट क्राइम। विजय मोहन निगम पार्षद रहे हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और फिलहाल वो साईलेंट मोड पर हैं। बेहतर वक्ता हैं और हर चुनाव में भाजपा के लिए वो अड़ते हैं, लड़ते हैं। टिकट वाली पारी का इंतजार लम्बा हुआ है। उपचुनाव में ये लगा था कि पार्टी सिम्पैथी टिकट देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एक लम्बी पारी और गहन जिम्मेदारी वाले विजय मोहन को पार्टी कोई मौका देगी।

### आयोग के बाद फिर बना ही नहीं एसपी सिंह का योग



करंट क्राइम । सरदार एसपी सिंह पुराने भाजपा नेता हैं और महानगर संयोजक भी रहे हैं। उनके कार्यकाल में बंटे टिकट का सीन अब भी यादगार है। वो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बने तो उन्होंने ताकत का अहसास कराया। इसके बाद वो इंतजार करते रहे लेकिर कृपा वाला योग बना ही नहीं। जब जब पंजाबी समाज के टिकट की बात चली तो उनका नाम चर्चा में जरूर आया लेकिन टिकट दूर रह गया। फिलहाल एसपी सिंह देवतुल्य वाली भूमिका में काम कर रहे हैं।

### क्रांतिकारी अंदाज वाले अजय शर्मा पर होगी क्या मेहरबानी



करंट क्राइम । अजय शर्मा भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्रांतिकारी अंदाज है और टीम वर्क के साथ काम करते हैं। अध्यक्ष रहते हुए ही ऐसा जर्क लगा कि फिर उन्हें उठने में समय लगा। क्षेत्रीय टीम में मौका मिला और फिर इसके बाद प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी भी मिली है। लेकिन वो पारी नहीं मिली है जिसे जनप्रतिनिधि वाली पारी कहते हैं। नदियापार से दावेदारी की थी और वहां अपना कार्यालय तक खोल लिया था। बात बनी नहीं और बैक टू गाजियाबाद हुए। संगठन के दायित्व हैं मगर इंतजार जनप्रतिनिधि वाली पारी का है। पार्टी इस चेहरे को कब मौका देगी इसका इंतजार है।

### जनप्रतिनिधि वाली लिस्ट में कब आयेगा मानसिंह का नाम



करंट क्राइम । मानसिंह गोस्वामी भाजपा के उन कार्यकर्ताओं में हैं जो पश्चिम बंगाल से लेकर बुलन्दशहर तक पार्टी का झंडा चुनाव प्रचार में बुलंद कर चुके हैं। वो पार्टी का ऐसा फेस हैं जिन पर संगठन फेथ करता है। उन्हें रात में घर से बुलाकर विषम परिस्थिति में महानगर अध्यक्ष बनाया गया था। क्षेत्रीय टीम में हैं और उनकी पत्नी निगम पार्षद हैं। लेकिन सवाल यही है कि क्या मानसिंह गोस्वामी के नाम पर विधानपरिषद वाली मोहर लगेगी। क्या उन्हें विधानसभा में जाने का मौका मिलेगा।

### ये वो अध्यक्ष रहे जिनके किस्मत के सितारे बुलंद रहे







करंट क्राइम। अध्यक्ष वाली पारी खेलने के बाद कुछ ऐसे किस्मत वाले चेहरे हैं जिन्हें सदन में जाने का मौका मिला है। जो जनप्रतिनिधि बने और उनके नाम के आगे विधायक लिखा गया। उनके नाम के आगे मेयर लिखा गया। इस कड़ी में सबसे पहले बात अशु वर्मा की है। भाजपा युवा मोर्चा से राजनीति की शुरूआत करने वाले अशु वर्मा भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। फिर मेयर उपचुनाव में उन्हें टिकट मिला और वो मेयर बने। इसी तरह कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी अध्यक्ष रहे और फिर वो विधायक बने और मौजूदा समय में कैबिनेट मंत्री हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। फिर उन्हें विधायक बनने का मौका मिला और वो लोनी से दूसरी बार लगातार विधायक हैं। संजीव शर्मा दो बार महानगर अध्यक्ष बने और तुरंत बाद उन्हें विधानसभा का टिकट मिला और वो आज विधायक हैं। यहां पर बसंत त्यागी का नाम भी इसी श्रेणी में आता है। बसंत त्यागी भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे है। क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और संगठन में पदाधिकारी है। इसके अलावा जनप्रतिनिधि की बात करें तो उनकी पत्नी ममता त्यागी जिलापंचायत अध्यक्ष हैं। जनप्रतिनिधि वाला टैग हिस्से में आया है।

## संपादकीय

# एआई महाकुंभ में चोरी

एआई के महाकुंभ में कुछ भारतीय प्रणेताओं की खूब चर्चा है। उनके अनुसंधान और नवाचार समाजपरक, व्यावहारिक, शिक्षक, भाषाविद, वैज्ञानिक आदि की श्रेणियों में हैं, लिहाजा प्रशंसा और पुरस्कार दोनों मिल रहे हैं। भारतीय स्टार्टअप सर्वम एआई ने एक साथ 11 एआई प्लेटफॉर्म पेश कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। सर्वम केज (चश्मा), बिक्रम, सारस, बुलबुल, सर्वम डब, सर्वम विजन, संवाद, आर्या, सर्वम एज, सर्वम 105बी (सुपर स्मार्ट मॉडल) और सर्वम 30बी वे प्लेटफॉर्म हैं, जिनसे साधारण फीचर फोन पर कॉल के जरिए एआई की सेवाएं ली जा सकती हैं। ऐसा भी एआई है, जो इंटरनेट के बिना भी फोन पर चलेगा। दरअसल मनुष्य के भीतर जो चेतना होती है अथवा उसके अवचेतन में जो मौजूद रहता है या मस्तिष्क शेष शरीर को संचालित करता है, दिशा दिखाता है, ये एआई प्लेटफॉर्म भी लगभग उसी भूमिका में हैं। अर्थात यह भी साबित हो रहा है कि एआई मानवोपयोगी है, उसका सहायक है। बेशक नई प्रौद्योगिकी के कारण आईटी कंपनियों में हलचल है और बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है, लेकिन आईटी में ही एक निश्चित समय के बाद उछाल लौट कर आएगा। फिर एआई और आईटी समन्वित रूप से दुनिया पर राज करेंगे। एआई के इन अनुसंधानों और उपलब्धियों की ही चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन सुर्खियों में नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी है, जिसने न केवल भारत की छवि को कलंकित किया है, बल्कि नवाचार के नाम पर चोर साबित हुई है। गलगोटिया से सिर्फ स्टॉल ही खाली नहीं कराना चाहिए था, बल्कि उसके खिलाफ बौद्धिक चोरी का केस दर्ज करा, दोषी व्यक्ति को, जेल भिजवाना चाहिए था। गलगोटिया ने अपने बूथ पर प्रदर्शित रोबोटिक डॉग को इन-हाउस इनोवेशन बताया था, जो बाद में चीन का उत्पाद साबित हुआ। गलगोटिया द्वारा घोषित ड्रोन सॉकर भी दक्षिण कोरिया का निकला। यह कोई स्कूली प्रदर्शनी नहीं है, अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन है, जिसका आयोजन भारत अपनी राजधानी दिल्ली में कर रहा है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं कि भारत एआई के साथ दुनिया में एक असाधारण मुकाम हासिल करेगा। एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म शिफ्ट (तकनीकी बदलाव) है और भारत फुल-स्टैक प्लेयर बनने की स्थिति में है। मेटा के एआई प्रमुख एलेक्जेंडर वैंग ने माना है कि भारत एआई के क्षेत्र में बहुत ही सकारात्मक केस स्टडी है। उसमें वैश्विक पॉवरहाउस बनने की पूरी क्षमता है, लेकिन गलगोटिया सरीखे कलंक और तकनीकी चोर सामने आए हैं, तो इसमें आयोजकों की निगरानी, जांच-पड़ताल भी सवालिया है, छिद्रपूर्ण है। दरअसल यह कोई पुराना, धार्मिक मेला नहीं है। यह राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी के शीर्ष नेतृत्व, वैज्ञानिकों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया की निगाहों का मेला है। दिल्ली में पहले दिन ही अराजकता, अस्त-व्यस्त भीड़ दिखी। यह भारत की फजीहत की शुरूआत थी। लोगों ने सभा-स्थलों में प्रवेश करने को धक्के दिए, संघर्ष किए, क्योंकि व्यवस्था दुरुस्त नहीं थी।

# गिरावट के बाद बाजार में शानदार रिकवरी सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ बंद



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। व्यापार समझौते की प्रगति और पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी को लेकर आशावाद के बीच बैंकिंग और धातु शेयरों में भारी खरीदारी के चलते शेयर बाजारों में तेजी आई। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे गिरकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 316.57 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 633.94 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर 83,132.08 के अंतदेर्शीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 116.90 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स शेयरों में शुक्रवार को एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयर रहे। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदानी पोर्ट्स को नुकसान हुआ। लार्ज कैप शेयरों में जोरदार खरीदारी ने बाजार को संभाला जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कल की तेज गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में उछाल आया, जिसका नेतृत्व लार्ज कैप शेयरों में जोरदार खरीदारी ने किया क्योंकि निवेशकों ने प्रीमियम-मूल्य वाले मिडकैप शेयरों की तुलना में उनके बेहतर जोखिम-लाभ अनुपात को प्राथमिकता दी।

# अमेरिका से नजदीकी के बीच वेनेजुएला से बातचीत, गोर बोले- व्यापार समझौता जल्द

**नई दिल्ली।** भारत ने रूसी तेल से दूरी बनाते हुए वेनेजुएला से बातचीत शुरू कर दी है, साथ ही अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के तहत टैरिफ 50% से घटकर 18% होगा। वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां भारत अब रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद को कम करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, नई दिल्ली अपने तेल विकल्पों में 'विविधता' ला रही है और वेनेजुएला से तेल खरीदने के लिए बातचीत जारी है। यह रणनीतिक कदम अमेरिका और भारत के बीच घोषित उस व्यापार समझौते के बाद सामने आया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने का दावा किया गया था।

> भारत के साथ तेल को लेकर एक सहमति बनी है। यह केवल भारत की बात नहीं है, अमेरिका चाहता है कि कोई भी देश रूस से तेल न खरीदे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट हैं।
>
> -सर्जियो गोर, अमेरिकी राजदूत



**रूसी तेल पर अमेरिकी रुख और भारत की रणनीति :** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि भारत अपने ऊर्जा विकल्पों में विविधता लाने पर काम कर रहा है और वेनेजुएला से तेल खरीद के लिए बातचीत चल रही है। गोर ने साफ किया है कि तेल को लेकर एक सहमति बनी है और अमेरिका नहीं चाहता कि कोई भी देश रूस से तेल खरीदे, यह केवल भारत की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट हैं; वह युद्ध की समाप्ति चाहते हैं और शांति की उम्मीद में उन सभी गतिविधियों को खत्म होते देखना चाहते हैं जो इस संघर्ष से जुड़ी हैं।

**ट्रंप का दावा और भारत का कूटनीतिक रुख :** इस व्यापार समझौते की घोषणा 2 फरवरी, 2026 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा की गई थी। ट्रम्प ने अपने 'टुथ सोशल' पोस्ट और व्हाइट हाउस के एक बयान में यह दावा किया था कि भारत रूसी तेल की खरीद को कम करने और उसे पूरी तरह से समाप्त करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, भारत की तरफ से ऐसा कोई सीधा बयान नहीं दिया गया है, लेकिन नई दिल्ली ने यह जरूर स्पष्ट किया है कि वह वेनेजुएला से तेल सहित अन्य आयात बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करेगी।

**व्यापार समझौते से टैरिफ में भारी कटौती**

ऊर्जा के मोर्चे पर इस बदलाव के साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते भी एक नए मुकाम पर पहुंच रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी सर्जियो गोर ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर जल्द ही मुहर लगने की उम्मीद है। यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसके जरिए अमेरिका ने नई दिल्ली पर लगाए जाने वाले टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।

देखा जाए तो अमेरिका और भारत के बीच यह व्यापार समझौता केवल व्यापारिक छूट तक सीमित नहीं है।

# निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार के सात कदम, ई-कॉमर्स निर्यातकों को सस्ते कर्ज के साथ मदद भी

**नई दिल्ली।** सरकार ने 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत सात नई पहल शुरू की हैं। इनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों को सस्ता कर्ज, एमएसएमई के लिए ब्याज सब्सिडी, लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग सहायता, अनुपालन खर्च पर प्रतिपूर्ति और दूरदराज क्षेत्रों के निर्यातकों के लिए फ्रेट सपोर्ट शामिल है। सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सात नई पहल की घोषणा की है, जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट सहायता और वैकल्पिक व्यापार वित्त साधनों को समर्थन शामिल है। ये कदम 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत उठाए गए हैं, जिसके 10 घटकों में से तीन को पहले ही जनवरी में लागू किया जा चुका है।



### सरकार की घोषित सात प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:

- डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट फैसिलिटी- ई-कॉमर्स निर्यातकों को 50 लाख रुपये तक कर्ज सहायता, 90% गारंटी कवरेज के साथ।
- ओवरसीज इन्वेंट्री क्रेडिट फैसिलिटी- विदेश में स्टॉक रखने के लिए 5 करोड़ रुपये तक सहायता, 75% गारंटी और 2.75% ब्याज सब्सिडी।
- एक्सपोर्ट फैक्टरिंग पर ब्याज सब्सिडी- एमएसएमई के लिए सस्ती कार्यशील पूंजी हेतु फैक्टरिंग लागत पर 2.75% ब्याज सहायता (सीमा 50 लाख रुपये सालाना)।
- उच्च जोखिम/नए बाजारों के लिए ट्रेड फाइनेंस सपोर्ट- लेटर ऑफ क्रेडिट कन्फर्मेशन और नेगोशिएशन जैसे क्रेडिट एन्हांसमेंट साधनों को समर्थन।
- (ट्रेड रेगुलेशन्स, एक्रेडिटेशन एंड कम्प्लायंस एनेबलमेंट)- अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और अनुपालन खर्च पर 60% से 75% तक प्रतिपूर्ति (सीमा 25 लाख रुपये प्रति कएउ)।
- (लॉजिस्टिक्स, ओवरसीज वेयरहाउसिंग एंड फुलफिलमेंट)- विदेशी वेयरहाउसिंग, ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब और ग्लोबल वितरण नेटवर्क तक पहुंच के लिए परियोजना लागत का 30% तक समर्थन।

# तीसरी तिमाही में बैंकों की कमाई बढ़ी
## रिपोर्ट का दावा- इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर का प्रदर्शन कमजोर



**नई दिल्ली।** तीसरी तिमाही में बैंकों की लाभप्रदता में सुधार देखने को मिला है। सिस्टेमैटिक्स ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से नेट इंटरेस्ट इनकम में वृद्धि, कम स्लिपेज, बेहतर रिकवरी और फीस आय में सुधार के कारण हुई है। इससे बैंकिंग सेक्टर में स्थिरता बनी हुई दिखाई देती है।

रूसी तेल से दूरी बना रहा भारतः अमेरिका से नजदीकी के बीच वेनेजुएला से बातचीत, गोर बोले- व्यापार समझौता जल्द रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों की कमाई में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण कोर इनकम की मजबूत ग्रोथ और एसेट क्वालिटी में सुधार रहा। कम स्लिपेज और बेहतर रिकवरी से बैंकों की बैलेंस शीट पर दबाव कम हुआ, जबकि फीस से होने वाली आय ने भी कुल कमाई को सहारा दिया। रिपोर्ट के अनुसार, मार्जिन में तिमाही आधार पर सुधार हुआ है, हालांकि आगे यह सीमित दायरे में स्थिर रहने की उम्मीद है। आगे चलकर बैंकों की लाभप्रदता स्वस्थ बनी रहने का अनुमान है। इसकी वजह कर्ज (एडवांसेज) में बेहतर वृद्धि, जमा दरों के पुनर्मूल्यांकन (डिपॉजिट रिप्राइसिंग) से ब्याज खर्च में कमी और कैश रिजर्व रेश्यो (उफ्फ) की कम आवश्यकताओं से मिलने वाला लाभ बताया गया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कमजोर प्रदर्शन से इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर दबाव देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर का आउटलुक फिलहाल सतर्क बना हुआ है। नुवामा रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कमजोर प्रदर्शन के कारण सेक्टर की ग्रोथ में गिरावट दर्ज की गई।

# सस्ती दवाओं के लिए फ्रांस पर बनाया दबाव, वाइन पर 100% टैक्स की दी धमकी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार और स्वास्थ्य सेवा (हेल्थकेयर) की कूटनीति में एक नया आक्रामक रुख अपनाया है। अमेरिका में महंगी दवाओं की कीमतों को कम करने के लिए ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर दबाव बनाते हुए फ्रेंच वाइन और शैंपेन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इस कदम ने स्पष्ट कर दिया है कि ट्रंप प्रशासन व्यापारिक नीतियों का उपयोग अपनी घरेलू समस्याओं को सुलझाने और भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिकल) रणनीति के तौर पर किस हद तक कर सकता है।

कीमतों में भारी अंतर और विदेशी नेताओं से बातचीत जॉर्जिया के रोम स्थित एक स्टील प्लांट में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी उपभोक्ता कुछ दवाओं के लिए दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में 13 गुना अधिक कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने विदेशी नेताओं से फोन पर बात कर अमेरिका में दवाओं की कीमतों को अन्य देशों में मिलने वाली सबसे कम कीमतों के बराबर लाने की नीति की घोषणा की।

ट्रंप के अनुसार, जब उन्होंने मैक्रों को फोन करके कीमतों में बदलाव की मांग की, तो मैक्रों ने शुरूआत में यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इससे उनका बिजनेस बंद हो जाएगा। इसके जवाब में ट्रंप ने अमेरिका में बेची जाने वाली सभी फ्रेंच वाइन और शैंपेन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी, जिसके बाद मैक्रों इस बदलाव के लिए तैयार हो गए। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने जर्मनी और स्पेन समेत अन्य देशों से भी इसी तरह की बातचीत की और उनका दावा है कि वे देश भी इस कदम के लिए सहर्ष तैयार हो गए हैं।

टैरिफ रणनीति और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस घटना को इस बात का सबूत बताया कि टैरिफ अभी भी बातचीत का उनका सबसे असरदार तरीका है। 'टैरिफ' को पूरी डिक्शनरी में अपना पसंदीदा शब्द बताते हुए ट्रंप ने कहा कि इन व्यापारिक उपायों ने अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को वापस पटरी पर ला दिया है। फिलहाल वे कुछ ट्रेड ड्यूटी लगाने के अपने अधिकार पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही, ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने पिछले 11 महीनों में 18 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के निवेश कमिटमेंट हासिल किए हैं और चुनाव के बाद से शेयर बाजार अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है। अमेरिका में दवाओं की कीमतों को अंतरराष्ट्रीय दरों के बराबर लाने की कोशिशें राजनीतिक रूप से विवादित रही हैं। फार्मास्युटिकल कंपनियों का तर्क है कि कीमतों में इस तरह की कमी से इनोवेशन (नवाचार) और ग्लोबल सप्लाई चेन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अमेरिका द्वारा घरेलू दवाओं की कीमतों को कम करने के लिए टैरिफ को हथियार बनाना वैश्विक व्यापार के नियमों में एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतरिक्ष यात्री के मुताबिक, अंतरिक्ष में स्टेक, गर्म धातु और वेल्डेंग फोम की तरह खुशबू आ रही है।
- अंतरिक्ष सूट को बनाने में 12 मिलियन डॉलर खर्च होते हैं।
- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने से इंसान की रीढ़ की हड्डी को पृथ्वी पर होने वाले खिंचाव से छुटकारा मिल जाता है अंतरिक्ष यात्री रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है तो उसकी लम्बाई 2.25 इंच तक बढ़ जाती है।
- साल 1984 में अमेरिकी एस्ट्रोनॉट ब्रूस मैक्कैंड्लेस यान से निकलकर अंतरिक्ष में विचरण करने वाले पहले मानव बने। वे चैलेंजर नामक अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर 300 फुट तक चले थे। ब्रूस यूएस नेवी में फाइटर पायलट भी रह चुके हैं।
- साल 1962 में, अमेरिका ने अंतरिक्ष में एक हाइड्रोजन बम को उड़ा दिया जो हिरोशिमा से 100 गुना अधिक शक्तिशाली था।
- स्पेस में जाने वाले एस्ट्रोनॉट वहां पाद नहीं सकते, क्योंकि वहां गुरुत्व नहीं है, जो पेट में द्रव्य को गैस से अलग कर सके।
- 23 अप्रैल, 1967 को सोवियत कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव अंतरिक्ष की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान वापसी में स्पेसक्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए थे।

## राशिफल

**मेष:** इनकम कम और खर्च ज्यादा होगा। आज इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर अचानक खर्च करना पड़ सकता है। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में अड़चने आ सकती हैं।

**वृष:** लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए अनुकूल दिन है। आज आप जीवनसाथी के निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन:** दिन की शुरूआत में चीजें योजना के अनुसार घटित नहीं हो पाएंगी, किन्तु आप घटनाओं पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह अत्याधिक महत्वपूर्ण है।

**कर्क:** नौकरी पेशा वाले लोगों का ट्रांसफर कहीं दूर हो सकता है। इस वजह से आपको अचानक नई परेशानियों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। उत्साह और चौकसी का गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में मदद करेगा।

**कन्या:** आज किस्मत आपका साथ देगी और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सकता है। परियोजनाएं जो रुकी हुई थी अब वह गति पकड़ सकती हैं।

**तुला:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बड़ी शख्सियत से आज आपकी मुलाकात होगी। ऑफिस के काम से आपको विदेश जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** आज व्यावसायिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। आज अच्छी आदतें और नियम में रहना आपके लिए लाभकारी होगा।

**धनु:** वित्तीय रूप से दिन अच्छा नहीं रहेगा। आज का दिन निवेश आपके लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। किसी जानकार से सलाह लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर:** आज आपको व्यापार के मामलों में अचानक फायदा हो सकता है। आज आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा।

**कुंभ:** आज का दिन भाग दौड़ भरा हो सकता है। आज आपको घर वालों व मित्रों के नकारात्मक स्वभाव को लेकर आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए।

**मीन:** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जिसका आपको लम्बे समय से इंतजार था वो आज पूरे हो जाएंगे। आज आप किसी नए व्यवसाय को शुरू कर सकते हैं।

## चुटकुले

गर्लफ्रेंड- क्या तुम मुझसे प्यार करते हो...?
बॉयफ्रेंड- हां...!
गर्लफ्रेंड- लेकिन तुम्हें तो मेरी कोई परवाह ही नहीं है...!
बॉयफ्रेंड- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...!

---

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति - कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

---

पड़ोसन- आपके बर्तन बड़े चमक रहे हैं...!
धोने के लिए किसका इस्तेमाल करती हैं...?
महिला- पति का...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# स्पोर्ट्स



# सुपर-आठ राउंड से पहले अश्विन ने बताई टीम इंडिया की सच्चाई, कहा 'हम औसत रहे'

**चेन्नई।** भारत ने टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप चरण में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन आर अश्विन ने माना कि टीम अभी अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं है। उन्होंने कहा कि औसत दिन पर भी भारत मैच जीत सकता है। सुपर 8 में अब मजबूत टीमों से चुनौती मिलेगी, जहां प्रदर्शन और निरंतरता अहम होगी।

टी20 वर्ल्ड कप में भारत का ग्रुप चरण समाप्त हो चुका है और अब टीम की नजर सुपर 8 मुकाबलों पर है। अगले चरण में भारत को दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन की छवि के अनुरूप प्रदर्शन किया है, लेकिन अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि टीम अभी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं पहुंची है।

**'औसत दिन पर भी जीतने की क्षमता'**

अश्विन ने 'ऐश की बात' कार्यक्रम में भारत के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए कहा, 'सूर्यकुमार ने बहुत समझदारी भरी पारी खेली। रन गति बढ़ाने के लिए दुबे, हार्दिक और रिंकू मौजूद थे। उन्हें पता था कि वे स्कोरिंग रेट को संभाल सकते हैं। लेकिन आज (नीदरलैंड्स के खिलाफ) भारत बल्लेबाजी में बेहद शानदार नहीं था, उतना प्रभावी भी नहीं था।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह इतनी मजबूत टीम है कि अपने साधारण दिन पर भी विपक्ष को हरा सकती है। हम औसत थे, अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं थे। लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने इतनी अच्छी गेंदबाजी की कि नीदरलैंड्स उन्हें पढ़





नहीं सका। जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले में स्विंग मिली और उन्होंने यॉर्कर भी डाले।' अश्विन के मुताबिक, टीम की सबसे बड़ी ताकत है यही है कि टीम कमजोर प्रदर्शन के बावजूद परिणाम अपने पक्ष में करने में कामयाब रहते हैं।

**तिलक वर्मा की बल्लेबाजी पर खास टिप्पणी:** अश्विन ने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की भी तारीफ की। उन्होंने टी20 क्रिकेट में टाइमिंग और तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'तिलक वर्मा चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। हम पावर और ताकत की बात करते हैं, लेकिन बल्लेबाजी का असली सार स्वीट स्पॉट और टाइमिंग है। तिलक बड़े पावर हिटर नहीं हैं। उनके लिए टाइमिंग और गैप ढूंढना ज्यादा अहम है।' उन्होंने आगे कहा, 'कृपया याद रखें, आप वैभव की तरह खेल सकते हैं, लेकिन आप तिलक की तरह भी खेल सकते हैं, जो टाइमिंग पर भरोसा करते हैं और गैप तलाशते हैं।' अश्विन का मानना है कि टी20 में सिर्फ बड़े शॉट्स ही सफलता की गारंटी नहीं हैं, बल्कि परिस्थिति के अनुसार समझदारी भी उतनी ही जरूरी है।

**आगे की चुनौती:** अब भारत के सामने असली परीक्षा है। सुपर-आठ में हर मुकाबला नॉकआउट जैसा होगा। अश्विन की बातों से साफ है कि टीम में आत्मविश्वास तो है, लेकिन सुधार की गुंजाइश भी मौजूद है।

### सुपर 8 की तस्वीर साफ

सुपर 8 चरण की लाइनअप अब पूरी हो चुकी है। पाकिस्तान ने नामीबिया पर जीत दर्ज कर ग्रुप ए से भारत के साथ क्वालिफाई किया। ग्रुप बी से श्रीलंका और जिम्बाब्वे, ग्रुप सी से वेस्टइंडीज और इंग्लैंड, जबकि ग्रुप डी से दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड अगले चरण में पहुंचे हैं। साथ ही, 2028 टी20 विश्वकप की 12 क्वालिफाई करने वाली टीमें भी तय हो चुकी हैं। इस साल सुपर आठ की सभी टीमें और साथ ही सह-मेजबान होने के कारण ऑस्ट्रेलिया को 2028 टी20 विश्वकप के लिए स्वत: क्वालिफिकेशन मिला है। वहीं, रैंकिंग के आधार पर अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड भी शामिल हैं।

## वापसी करने पर होंगी भारतीय हॉकी टीम की नजरें

# स्पेन के खिलाफ मैच के साथ होगी होबार्ट चरण की शुरूआत

**होबार्ट।** भारतीय टीम स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरूआत करेगी। टीम इस दौरे पर नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में उतरेगी।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरूआत करेगी। टीम नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नई शुरूआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

**भारत को अर्जेंटीना और बेल्जियम से मिली थी हार**

हाल में राउरकेला चरण भारतीयों के लिए सीखने का दौर साबित हुआ जिसमें उन्हें अर्जेंटीना और बेल्जियम से हार मिली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए आने वाले मैचों से ब्रेक लिया है। टीम इन मुकाबलों को आने वाले एफआईएच विश्व कप और उसके बाद के एशियाई खेलों से पहले संयोजन को परखने और लय बनाने के एक जरूरी मौके के तौर पर देख रही है। स्पेन के खिलाफ पहले मैच के बाद रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला होना है।

# अफरीदी-यूसुफ को जवाब देना पड़ा भारी: भारत से मैच के बाद शादाब के बयान से ससुर सकलैन मुश्ताक खफा, जताई नाराजगी

**कराची।** विश्व कप जैसे बड़े मंच पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ-साथ उनके बयान भी चर्चा का विषय बन जाते हैं। शादाब खान के बयान ने पाकिस्तान क्रिकेट में नया विवाद खड़ा कर दिया है। पीसीबी ने स्पष्ट कर दिया है कि टीम के खिलाड़ियों को अपने शब्दों में संयम और पूर्व दिग्गजों के प्रति सम्मान बनाए रखना होगा। आने वाले मैचों में पाकिस्तान की नजर अब सिर्फ प्रदर्शन पर होगी, ताकि मैदान के बाहर की चर्चा खेल पर हावी न हो।

भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप 2026 मैच में हार के बाद पाकिस्तान टीम में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। पूर्व क्रिकेटर्स जहां मौजूदा टीम की आलोचना करने में लगे हैं, वहीं मौजूदा क्रिकेटर्स ये कह रहे हैं कि सिर्फ हम क्यों पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स भी तो भारत के खिलाफ कभी विश्व कप मैच नहीं जीत पाए। अब इस मामले में पाकिस्तान क्रिकेट



बोर्ड (पीसीबी) ने भी दखल दिया है। दरअसल, पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान ने हाल ही में शाहिद अफरीदी और मोहम्मद यूसुफ जैसे पूर्व क्रिकेटरों पर निशाना साधा था। इसके बाद शादाब ने नामीबिया के खिलाफ मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों पूर्व क्रिकेटरों पर तंज कसा था, जिससे क्रिकेट जगत में हलचल मच गई। अब पीसीबी ने शादाब को उनके हालिया बयान पर कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही शादाब के ससुर और पूर्व दिग्गज स्पिनर सकलैन मुश्ताक भी शादाब के बयान से नाखुश हैं।

कोलंबो में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराया। इस मैच में शादाब ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए और तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के बाद दिए गए बयान ने विवाद खड़ा कर दिया। प्रेस वार्ता में शादाब ने आलोचना का जवाब देते हुए कहा, 'पूर्व क्रिकेटरों की अपनी राय होती है। वे दिग्गज थे, लेकिन वे भी वह हासिल नहीं कर पाए जो हमने किया। हमने विश्व कप में भारत को हराया है।' शादाब यहां 2021 टी20 विश्वकप में भारत को हराने की बात कर रहे थे। यही एकमात्र विश्वकप मैच है, जिसमें भारत पाकिस्तान से हारा है। इसके अलावा पाकिस्तान ने हमेशा भारत से मुंह की खाई है। वनडे विश्वकप में पाकिस्तान भारत से आठ बार हारा है, जबकि टी20 विश्वकप में पाकिस्तान भारत से आठ बार है और एक बार जीता है।

**पीसीबी ने दी सख्त हिदायत**

हालांकि, शादाब का यह बयान कई पूर्व खिलाड़ियों को नागवार गुजरा। बताया जा रहा है कि टीम मैनेजर नावीद चीमा के माध्यम से पीसीबी ने शादाब को स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपने शब्दों की मयार्दा रखें और दिग्गज खिलाड़ियों के प्रति सम्मान दिखाएं। टेलिकॉम एशिया स्पोर्ट्स ने सूत्रों के हवाले से लिखा कि पीसीबी ने टीम मैनेजर नावीद चीमा के जरिये ऑलराउंडर को यह संदेश दिया कि उन्हें पूर्व महान खिलाड़ियों के खिलाफ कठोर शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। चीमा ने पीसीबी का मैसेज पढ़ा, जिसमें लिखा था, 'शादाब प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी सीमा से बाहर चले गए थे। सभी पूर्व खिलाड़ी, जिनमें उनके ससुर सकलैन मुश्ताक भी शामिल हैं, पाकिस्तान के सम्मानित महान खिलाड़ी हैं। उन्हें ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।'

**अफरीदी-यूसुफ ने क्या कहा था:** कोलंबो में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बाद, पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने टीम प्रबंधन से खराब प्रदर्शन के कारण बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और शादाब खान जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की मांग की।

# श्रीलंका को हराकर फाइनल में भारत, दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने पाक को हराया

**बैंगकॉक।** महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के पहले सेमीफाइनल में भारत ए ने श्रीलंका ए को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश ए ने पाकिस्तान ए को 54 रन से हरा दिया। अब भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का पहला सेमीफाइनल भारत ए और श्रीलंका ए के बीच बैंगकॉक में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश ए ने पाकिस्तान ए को 54 रनों से मात देकर फाइनल में एंट्री की। इस टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला रविवार को बैंगकॉक में ही खेला जाएगा।

**टी20 विश्वकप 2026 सुपर आठ ग्रुप**



ग्रुप चरण में सभी मैच जीतकर शीर्ष पर रहने वाली टीमें ग्रुप-1 में, दूसरे ग्रुप की स्थिति इससे उलट

**भारत ने श्रीलंका को दी पटखनी:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन बना सकी। जवाब में टीम इंडिया ने महज 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में भारत की जीत की हीरो राधा यादव रहीं, जिन्होंने चार विकेट झटके। इसके बाद दिनेश वृंदा का बल्ला गरजा और उन्होंने 42 रनों की तूफानी पारी खेली।

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान को रौंदा:** दूसरे सेमीफाइनल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ए ने कप्तान फहिमा खातून की 40 रनों की नाबाद पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 16.4 ओवर में सिर्फ 56 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ बांग्लादेश ने फाइनल में एंट्री कर ली।

# अफगानिस्तान ने जीत के साथ किया अभियान समाप्त कनाडा को 82 रन से हराया, इब्राहिम और नबी चमके

**चेन्नई।** अफगानिस्तान ने कनाडा को 82 रन से हराकर टी20 विश्व कप 2026 में अपने अभियान का समापन किया। चेन्नई में खेले गए मैच में अफगानिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बनाए।



जवाब में कनाडा की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर सिर्फ 118 रन ही बना सकी।

अफगानिस्तान ने कनाडा को 82 रन से हराकर टी20 विश्व कप 2026 में अपने अभियान का समापन किया। गुरुवार को चेन्नई में खेले गए 39वें ग्रुप मैच में अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान की 95 रनों की दमदार पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर सिर्फ 118 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में मोहम्मद नबी ने चार विकेट झटके जबकि राशिद खान ने एक सफलता अपने नाम की।

स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर

भारतीय महिला टीम के पास पहली बार ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने का मौका, शनिवार को तीसरा टी-20

मोहम्मद यूसुफ-बाबर आजम

T20 WC: बाबर के खराब फॉर्म पर सवाल उठाना पड़ा मोहम्मद यूसुफ को महंगा, देना पड़ा इस्तीफा; पूर्व खिलाड़ी का दावा अफगानिस्तान की जीत के हीरो रहे इब्राहिम जादरान, जिन्होंने नाबाद 95 रन की शानदार पारी खेली। जादरान ने 56 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके और 5 छक्के जड़े। उन्हें 54 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उनके अलावा सेदिकुल्लाह अटल ने 44 रन की अहम पारी खेली। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख तय कर दिया। अंत में अजमतुल्लाह ओमरजई (13 रन) और दरविश रसूली (नाबाद 4 रन) ने तेज रन जोड़कर स्कोर 200 तक पहुंचाया।

कनाडा की ओर से जसकरन सिंह ने 3 विकेट लिए, लेकिन बाकी गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनाडा की शुरूआत खराब रही।

# 'उन्होंने अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है', कोच ट्रॉट की विदाई पर बोले कप्तान राशिद

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने कनाडा को 82 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 का अंत शानदार जीत के साथ किया। कप्तान राशिद खान ने कोच जोनाथन ट्रॉट के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी। टीम ने सकारात्मक प्रदर्शन किया, लेकिन मध्यक्रम बल्लेबाजी और डेथ ओवर गेंदबाजी में सुधार की जरूरत मानी।



अफगानिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 का अंत धमाकेदार जीत के साथ किया। गुरुवार को एम चिदंबरम के मैदान पर खेले गए टूर्नामेंट के 39वें मुकाबले में अफगानिस्तान ने कनाडा को 82 रनों से हराया। अफगानिस्तान ने जीत के साथ टीम के हेड कोच जोनाथन ट्रॉट को भी विदाई दी। कप्तान राशिद खान ने मैच के बाद कहा कि ट्रॉट ने अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया और उनका टीम से अलग होना काफी भावुक करने वाला पल है।

'द हंड्रेड' से भी भगाए जाएंगे पाकिस्तानी खिलाड़ी?: आठ में से चार फ्रेंचाइजी का एलान, जानें क्यों लिया यह फैसला

**ऑस्ट्रेलिया टीम टी20 विश्वकप 2026 के ग्रुप स्टेज से बाहर हुई**

ऑस्ट्रेलिया का ग्रुप चरण से बाहर होना इस टीम के लिए लकी!: आंकड़े कर रहे बड़ा इशारा, 2026 में फिर बनेगा संयोग?

अफगानिस्तान के टूर्नामेंट में सफर को लेकर राशिद ने कहा, 'हम पूरी तैयारी के साथ आए थे और हमने टूर्नामेंट में लाजवाब क्रिकेट खेला। मेरे हिसाब से साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में मिली हार ने हमको बैकफुट पर धकेल दिया और सबसे ज्यादा चोट भी पहुंचाई। हम इस बात को जानते थे कि विश्व कप में अपने भाग्य को नियंत्रण में रखने के लिए हमें शुरूआती दो मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी ही होगी। हालांकि, टूर्नामेंट ऐसे ही चलता है।' राशिद ने आगे कहा, 'इस टूर्नामेंट से हमारे लिए काफी चीजें सकारात्मक रहीं, जिसके साथ हम आगे बढ़ना चाहेंगे और अगले आईसीसी इवेंट में मजबूती के साथ वापसी करेंगे। हालांकि, कुछ चीजों में हमें सुधार करने की जरूरत है। खासतौर पर बड़ी टीमों के खिलाफ हमारे मध्यक्रम बल्लेबाजों का प्रदर्शन और अंतिम ओवरों में गेंदबाजी।' ग्रुप स्टेज में खेले 4 मैचों में से अफगानिस्तान को दो में जीत मिली, जबकि 2 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

### अश्विन ने टीम इंडिया का एनालिसिस किया

कनाडा के खिलाफ मिली जीत के बाद राशिद ने कोच की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'जोनाथन ट्रॉट के साथ पिछले चार या साढ़े चार साल का यह सफर कमाल का रहा। उन्होंने अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया। टीम को इस मुकाम तक पहुंचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। ट्रॉट को इस तरह से टीम से अलग होते देखना काफी भावुक पल है, लेकिन यही जिंदगी है। आप कभी भी हमेशा साथ नहीं रह सकते हैं। हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं और उम्मीद करते हैं कि उनसे फिर मुलाकात होगी।'

# 'द हंड्रेड' से भी भगाए जाएंगे पाकिस्तानी खिलाड़ी: आठ में से चार फ्रेंचाइजी का एलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की चर्चित फ्रेंचाइजी लीग द हंड्रेड को लेकर एक नई रिपोर्ट ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। खबर है कि जिन टीमों में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) फ्रेंचाइजियों की हिस्सेदारी है, वे अगले महीने होने वाली नीलामी में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी पर बोली नहीं लगाएंगी। यह दावा बीबीसी की रिपोर्ट में किया गया है, जिसमें एक खिलाड़ी एजेंट के हवाले से इसे 'अलिखित नियम' बताया गया। व्यवहार के वे प्रतिबंध या दिशा-निर्देश हैं, जो कहीं लिखे नहीं होते और न ही औपचारिक रूप से बताए जाते हैं, लेकिन लोग इन्हें मौन सहमति से स्वीकार करते हैं। इन्हें 'अनकहे नियम' भी कहते हैं।

**भारतीय निवेश और पाकिस्तानी खिलाड़ियों की स्थिति**

दुनियाभर की टी20 लीगों में यह पहले भी देखा गया है कि जहां भारतीय निवेश या आईपीएल मालिकों की सीधी भागीदारी होती है, वहां पाकिस्तानी खिलाड़ियों की एंट्री नहीं होती। उदाहरण के तौर पर आईपीएल में 2008 के पहले सीजन के बाद कोई

**रिपोर्ट के मुताबिक 'द हंड्रेड' की उन फ्रेंचाइजियों में, जिनमें IPL मालिकों की हिस्सेदारी है, पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगेगी। ईसीबी और विश्व क्रिकेट संघ ने समान अवसर और भेदभाव-विरोधी नीतियों पर जोर दिया है, जिससे इस मुद्दे पर बहस तेज हो गई है।**

पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं खेला। दक्षिण अफ्रीका की एसए20 की सभी छह टीमें आईपीएल समूहों के स्वामित्व में हैं और वहां भी पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं दिखे।

यूएई की आईएलटी20 में भी यही स्थिति रही है। अब द हंड्रेड की आठ में से चार टीमों में आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की हिस्सेदारी आ चुकी है, जो एक अक्तूबर 2025 से प्रभावी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक ये टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगाएंगी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक एजेंट को



संकेत दिया कि उसके पाकिस्तानी खिलाड़ियों में रुचि केवल उन टीमों तक सीमित हो सकती है, जिनका आईपीएल से कोई संबंध नहीं है।

**क्या नियमों के खिलाफ है यह कदम?**

द हंड्रेड अब स्वतंत्र क्रिकेट रेगुलेटर के अधीन है, जिसकी स्थापना 2023 की ह्यइक्विटी इन क्रिकेटह्व रिपोर्ट के बाद की गई थी। ऐसे में राष्ट्रीयता के आधार पर किसी खिलाड़ी को नजरअंदाज करना नियमों के खिलाफ माना जा सकता है। ईसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'द हंड्रेड दुनिया भर के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का स्वागत करता है और हम उम्मीद करते हैं कि सभी आठ टीमें वैश्विक प्रतिनिधित्व दिखाएंगी।'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार नीलामी के लिए 18 देशों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के 50 से अधिक खिलाड़ी शामिल हैं।

**अधिकारियों और संगठनों की प्रतिक्रिया**

ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूल्ड ने पिछले वर्ष कहा था, 'हम उम्मीद करते हैं कि सभी देशों के खिलाड़ी सभी टीमों के लिए चुने जाएँ। हमारे पास स्पष्ट भेदभाव-विरोधी नीतियां हैं।' वहीं वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी टॉम मोफाट ने कहा, 'हर खिलाड़ी को निष्पक्ष और समान अवसर मिलना चाहिए। भले ही फ्रेंचाइजियों को भर्ती में स्वायत्तता हो, लेकिन फैसले हमेशा समानता और सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप होने चाहिए।'

**पहले कौन-कौन खेले?**

पिछले सीजन में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम ने ह्यद हंड्रेडह्व में हिस्सा लिया था। इससे पहले शाहीन अफरीदी, शादाब खान और हारिस रऊफ भी इस लीग में खेल चुके हैं।

**आगे क्या?**

अगर रिपोर्ट सही साबित होती है तो यह मामला सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खेलों में निवेश, राष्ट्रीयता और निष्पक्ष अवसर जैसे बड़े सवाल भी उठाएगा। क्या यह केवल व्यावसायिक रणनीति है, या वैश्विक क्रिकेट में बढ़ती खाई का संकेत? अब सबकी नजरें नीलामी पर टिकी हैं, जहां यह साफ होगा कि मैदान पर प्रतिभा जीतेगी या निवेश का प्रभाव।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** पहलवान सागर धनखड़ की मौत के मामले में आरोपी पहलवान सुशील कुमार की जमानत अर्जी पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।



पहलवान सागर धनखड़ की मौत के मामले में आरोपी पहलवान सुशील कुमार की जमानत अर्जी पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। इस मामले पर 4 मई को सुनवाई होगी। सुशील कुमार ने 6 फरवरी को रोहिणी कोर्ट द्वारा उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुशील कुमार मई 2021 में हुए सागर हत्याकांड में आरोपी हैं और फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की थी सुशील कुमार की जमानत

राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मामले में 13 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य आरोपी सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी थी और उन्हें एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण (सरेंडर) करने का निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय करोल और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सागर धनखड़ के पिता द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार किया था। सुशील कुमार और अन्य लोगों पर 4 मई 2021 को कथित संपत्ति विवाद को लेकर शहर के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग स्थल में हरियाणा के रोहतक निवासी पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू तथा अमित कुमार पर हमला करने का आरोप है।

# गाजियाबाद आसपास




# सत्यम और राधिका का शुभ विवाह हुआ धूम-धाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सत्यम और राधिका का शुभ विवाह धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। वेदांता के नायब हॉल में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने सत्यम और राधिका को उनके विवाह की शुभकामनायें देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। गोयल परिवार की ओर से पंकज गोयल और नीरज गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सनातन की अस्मिता के लिए संघर्षरत बेटियों और युवाओं का डासना मंदिर में हुआ अभिनंदन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना में सनातन धर्म की अस्मिता के रूप में उभरीं दो प्रखर युवतियों, रुचि तिवारी और मेघा लावण्या, सहित उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज, विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी एवं यति अभयानंद ने संयुक्त रूप से युवाओं का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान रुचि तिवारी और मेघा लावण्या के साथ उनके साथी दीपक शर्मा, गौरव सिंह, पीयूष शाह और मोहित कौशिक को सम्मानित किया गया। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने इन युवाओं के साहस की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे सनातन धर्म के वास्तविक गौरव और भविष्य हैं। आयोजन के दौरान रुचि तिवारी और डॉ. उदिता त्यागी को असामाजिक तत्वों द्वारा मिल रही लगातार धमकियों और पुलिसिया कार्रवाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। यति नरसिंहानंद गिरी ने इन चुनौतियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहाः ये दोनों बेटियां हमारे धर्म की रक्षक हैं।

यदि किसी ने भी इन्हें जरा भी नुकसान पहुँचाने का दुस्साहस किया, तो उसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। हम अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सनातन प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं के इस संघर्ष को अपना समर्थन दिया।

डॉ. उदिता त्यागी ने भी युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों को समाज का पूर्ण सहयोग मिलना चाहिए।

## किशोर से सामूहिक कुकर्म का प्रयास विरोध करने पर बहन की अंगुली चबाई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** किशोर को खेत में ले जाकर सामूहिक कुकर्म किये जाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। किशोर किसी तरह चंगुलमुक्त हो वहां से भागकर घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती सुनाई। इस पर जब किशोर की बहन ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें पीटा और बहन की अंगुली चबा दी।

पुलिस मौके पर पहुंची तो मौका मिलने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने निवाड़ी थाने में शिकायत दी। लेकिन पुलिस तभी से उन्हें टरकाने में लगी है। आरोप है कि पुलिस ने उन पर फैसले का दबाव बनाया और मुकदमा दर्ज करने से इंकार कर दिया। ऐसे में पीड़ित परिवार को निवाड़ी पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ का अंदेशा है। कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने एसीपी भास्कर वर्मा से शिकायत की। एसीपी ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## निक्की भाटी हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज

नोएडा। कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड मामले में आरोपी पति विपिन भाटी की जमानत याचिका शुक्रवार को जिला अदालत ने खारिज कर दी। अदालत ने आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से मना कर दिया। मालूम हो कि 21 अगस्त 2025 की शाम पारिवारिक विवाद के दौरान आरोपी पति विपिन भाटी पर निक्की पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का आरोप है। इलाज के दौरान निक्की की मौत हो गई थी। आरोप है कि विपिन ने थिनर (ज्वलनशील पदार्थ) डालकर निक्की की जलाकर हत्या की थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।




## क्या बढ़ेगा अर्दली रूम का टैम्प्रेचर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई अधिकारियों की वर्किंग तो कईयों की सर्चिंग की चर्चा सुनाई दे रही है। उधर सुनने में आया है कि एक साहब आजकल अपनी टीम से ज्यादा दूसरे वालों के खुलासे में एक्टिव हो गए हैं। इसी के बीच जानकारी बाहर निकल कर आई है कि बीते दिनों साहब की पाक्षिक अपराध समीक्षा बैठक हुई थी। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है की बैठक में तमाम, तरीके के अभियान और तैयारी का जायजा लिया गया था। तो वहीं कई तरीके के बाद संवाद और प्रयास भी हुए हैं। इन सबके बीच जानकारी बाहर निकल कर आई है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अलग-अलग थानों पर होने वाले अर्दली रूम यानी ओआर का माहौल आने वाले दिनों में बदलेगा। उधर बताया जा रहा है कि साहब ने इशारों ही इशारों में इशारा कर दिया है कि जिस तरीके के टेंम्प्रेचर में अर्दली रूम चल रहा है, उससे ना तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम बदलने वाला नहीं है और ना ही लापरवाही, भ्रष्टाचार और मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों पर किसी प्रकार का अंकुश बताया जा रहा है। वहीं पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों ने बताया है कि अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में जहां का भी अर्दली रूम होगा, उसका टेप्प्रेचर बढ़ा रहेगा। वहीं कहने वाले बता रहे हैं कि संभव है कि किसी पर कार्रवाई वाला करंट भी लग सकता है। तो जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसकर्मियों की छवि धूमिल हो रही है, उनकी खाकी पर दाग लग रहे हैं। उसको लेकर भी सबक सिखाया जा सकता है। अब बताया जा रहा है कि जिस देहात जोन में एक थाने के प्रभारी को हटाया गया है, बताया जा रहा है कि मामला लेनदेन वाला था और शिकायत ठीक-ठाक स्तर पर की गई थी। तो कहने वाले यहां तक कह रहे हैं कि इलाके में अभी भी एक खास हल्का बहुत भारी है। जब कमिश्नरेट वाले सिस्टम से 23 वालों पर डंडा चला है, तो उस पर इतनी दया भावना क्यों बरसाई जा रही है। इसके साथ ही अर्दली रूम को लेकर जानकारी यह भी मिल रही है कि जिस तरीके से आने वाले दिनों में सिटी जोन में अर्दली रूम होना है, वहां पर कुछ नया और कड़क भी हो सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी होली से पहले कई और रंग बदलते हुए देखने की उम्मीद जताई जा रही है।



# साइट-4 साहिबाबाद में पुलिया निर्माण पर विवाद

## अधिकारियों की चुप्पी और डिजाइन ने बढ़ाई निवासियों की चिंता







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साइट 4 साहिबाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता ने क्षेत्र में निमार्णाधीन पुलिया के कार्य को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पुलिया की डिजाइन और भविष्य में होने वाली आवाजाही को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

मुकेश गुप्ता का कहना है कि सूर्य नगर के लिए कनेक्टिविटी किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिया को लगभग 7 फीट ऊंचा बनाया गया है, जो तकनीकी और व्यावहारिक दृष्टि से समझ से परे है। इतनी ऊंचाई होने के कारण वाहनों के आने-जाने और स्थानीय निवासियों को जोड़ने वाले रास्तों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महासचिव मुकेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि इस निर्माण कार्य के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार जानकारी मांगी गई, लेकिन उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

अधिकारी प्रोजेक्ट के विवरण और भविष्य की योजना साझा करने से कतरा रहे हैं। 7 फीट ऊंची पुलिया निर्माण से आवाजाही में बाधा की आशंका। विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे प्रोजेक्ट की कोई जानकारी। स्थानीय कनेक्टिविटी को लेकर व्यापारी और निवासी असमंजस में।

मुकेश गुप्ता ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप करे और निर्माण कार्य को सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित करे, ताकि भविष्य में ट्रैफिक और कनेक्टिविटी की समस्या न खड़ी हो।

### 7 फीट ऊंची पुलिया से कनेक्टिविटी का संकट, स्थानीय लोगों को नहीं मिलेगा लाभः राजकुमार गुप्ता



**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चौकी के पास निमार्णाधीन पुलिया को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। उधमी राजकुमार गुप्ता ने निर्माण कार्य की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए इसे स्थानीय जनता के लिए परेशानी का सबब बताया है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिया की ऊंचाई करीब 7 फीट रखी गई है, जो कि व्यावहारिक नहीं है। इतनी अधिक ऊंचाई होने के कारण आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी पूरी तरह बाधित हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस निर्माण से स्थानीय निवासियों को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है, बल्कि यह एक ₹बेकार का निर्माण₹ साबित होगा। राजकुमार गुप्ता के अनुसार, पुलिस चौकी जैसे महत्वपूर्ण बिंदु के पास इस तरह का निर्माण भविष्य में ट्रैफिक और आवाजाही की गंभीर समस्या पैदा करेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण की डिजाइन पर पुनर्विचार किया जाए ताकि सार्वजनिक धन और संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अप्रिशिएशन अवॉर्ड समारोह


**-शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और निदेशक सम्मानित**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित प्रतिष्ठित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के परिसर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और निदेशकों को सम्मानित करने के लिए अप्रिशिएशन अवॉर्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षाविद् मौजूद रहे।

समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों और निदेशकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों का मुख्य आधार उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति, प्रशासनिक दक्षता, बेहतर परीक्षा परिणाम और संस्थान के समग्र विकास में निभाई गई भूमिका को बनाया गया। सभी सम्मानित सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई। यह सम्मान न केवल उनके पिछले प्रयासों की सराहना है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके निरंतर संकल्प का प्रतीक भी है। कार्यक्रम की सफलता पर सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया। प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह नवाचार और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाएं।

## तीन दिन में साइबर ठगों ने चिकित्सक के खाते से निकाले 30 लाख रुपए



मोदीनगर, करंट क्राइम। साइबर ठगों ने तीन दिन के भीतर एक चालू खाते से 30 लाख रूपयों की साइबर ठगी कर ली, खातेदार के पास बैंक प्रबंधक ने फोन पर उपभोक्ता को तब रुपए निकासी की जानकारी दी, जब तक उसके खाते से सभी धनराशी शातिरों द्वारा निकाली जा चुकी थी। पीड़ित खातेदार ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को साइबर क्राइम को भेज दिया है। शुक्रवार को डॉ0 शर्मा ने मोदीनगर कोतवाली में बैंक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। डॉ0 श्रवण ने बताया कि साइबर ठगों ने उनके चालू व नीजी बैंक खातों से 17 फरवरी से 19 फरवरी के बीच करीब 30 लाख रूपयों की रकम यूपीआई से अपने अन्य खातों में ट्रान्सफर कर ली। 20 फरवरी को पीड़ित डॉ0 श्रवण कुमार बैंक पंहुचे और बैंक प्रबंधक नीतिन कुमार से वार्ता कर जांच पड़ताल की और सवाल किया कि उनके खातों की धन निकासी लिमिट तो 50 हजार से अधिक नही है तो ऐसे में तीन दिन के भीतर 30 लाख की निकाली शातिरों द्वारा कैसे की गई तो बैंक प्रबंधक कोई संतोषजनक जबाब नही दे सकें। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि यह मामला साइबर क्राइम से जुड़ा प्रतीत होता है और पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Adesh Sharma** is with **Vivek Tomar** and **9 others.**
16m ·

बड़े भाई धर्मेंद्र शर्मा जी और भाभी ममता शर्मा जी को 23वीं शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि पूरे परिवार पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आदेश शर्मा का एक अंदाज ये भी है कि वो अपने पूरे परिवार को एक साथ लेकर चलते हैं। परिवार के हर सदस्य को वो खास होने का अहसास कराते हैं। अपने बड़े भाई धमेन्द्र शर्मा और भाभी ममता शर्मा को उनकी 23वीं मैरिज एनिवर्सरी की बधाई दी। पूरे परिवार को फोटो फ्रेम में लिया और ये प्रार्थना की कि भगवान भोलेनाथ पूरे परिवार पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखे। आदेश शर्मा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कितने हथियार किए तैनात कैसे हो सकता है पलटवार

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच हालिया विवाद क्यों और कब से उभरा है? अमेरिका की तरफ से कौन से हथियार और बेड़े पश्चिम एशिया की तरफ भेजे गए हैं? ईरान इस स्थिति से निपटने के लिए कैसे तैयारी कर रहा है? अगर दोनों देशों के बीच संघर्ष भड़कता है तो इसका क्या असर हो सकता है?

अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष की आहट बढ़ती जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने दो एयरक्राफ्ट कैरियर बेड़ों को ईरान की खाड़ी पर तैनात करने के आदेश दे दिए। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य में एक युद्धाभ्यास कर इस क्षेत्र को पूरी तरह बंद करने का संकेत दिया, जो वैश्विक तेल सप्लाई में बाधा पहुंचाने वाला कदम साबित हो सकता है। यानी अमेरिका से लेकर यूरोप और अफ्रीका से लेकर पूरे एशिया के लिए आने वाले दिन कूटनीतिक स्तर पर काफी अहम



होने वाले हैं।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अमेरिका और ईरान के बीच हालिया विवाद क्यों और कब से उभरा है? अमेरिका की तरफ से कौन से हथियार और बेड़े पश्चिम एशिया की तरफ भेजे गए हैं? ईरान इस स्थिति से निपटने के लिए कैसे तैयारी कर रहा है? अगर दोनों देशों के बीच संघर्ष भड़कता है तो इसका क्या असर हो सकता है? ईरान-अमेरिका के बीच तनाव ईरान में महंगाई को लेकर विरोध प्रदर्शनों और उसके खिलाफ सरकारी कार्रवाई के बीच बढ़ा। तनाव की एक और वजह इस दौरान अमेरिका की ओर से पश्चिम एशिया में की गई सैन्य तैनाती भी रही।

# अमेरिका में पीएम शहबाज को पीछे धकेले गए

## रक्षा मंत्री बोले- आसिम मुनीर बॉस नहीं

**पाकिस्तान कई बार वैश्विक मंच पर बेइज्जत हुआ है, ऐसा एक वाकया वॉशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस की बैठक के दौरान भी देखने को मिला है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैठक में पीएम मोदी की तारीफ की, लेकिन इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को मंच पर खड़े रखा।**

### पर्यवेक्षक के रूप में बैठक में शामिल रहा भारत!

बता दें कि, इस बैठक में भारत ने पर्यवेक्षक देश के रूप में हिस्सा लिया। ट्रंप ने गाजा में युद्धविराम की निगरानी और हमास-इस्राइल के बीच युद्ध से तबाह हुए गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए इस संस्था का गठन किया है।

**वॉशिंगटन।** एक बार फिर वैश्विक मंत्र पर पाकिस्तान की बेइज्जती हुई है। दरअसल, वॉशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। लेकिन इस दौरान जो घटनाक्रम हुआ, उससे पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर जलील हुए। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- वे मेरे बेहतरीन दोस्त हैं। हालांकि इस मौके पर ट्रंप एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का श्रेय लेते नजर आए।

### 200% टैरिफ की धमकी के बाद रुका संघर्ष- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने हमारे चीफ ऑफ स्टाफ के सामने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और हमारे बीच युद्ध रोककर 2 करोड़ लोगों की जान बचाई। युद्ध भयंकर था। विमानों मार गिराए जा रहे थे। बकौल ट्रंप, 'मैंने दोनों (पीएम मोदी और शहबाज



शरीफ) से फोन पर बात की। मैं प्रधानमंत्री मोदी को बहुत अच्छी तरह जानता था... मैंने उन्हें फोन किया और कहा, अगर दोनों देश इस मामले को नहीं सुलझाते तो अमेरिका कोई व्यापारिक समझौता नहीं करेगा... मैंने कहा, अगर दोनों देश लड़ते रहे तो मैं दोनों देशों पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगा दूंगा।

दोनों ही लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे और भारी नुकसान की बात आई, तो उन्होंने कहा कि हम लड़ना नहीं चाहते... पैसा ही सब कुछ होता है। टकराव के दौरान 11 लड़ाकू जेट मार गिराए गए। ये बहुत महंगे जेट विमान हैं।

### आसिफ ख्वाजा बोले- आसिम मुनीर मेरे बॉस नहीं

वहीं, एक साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री आसिफ ख्वाजा ने पाकिस्तान सरकार में सेना के दखल को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में सेना और सरकार एक हाइब्रिड व्यवस्था के तहत काम करती है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आसिम मुनीर उनके बॉस हैं? इससे इनकार करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा कि 'वे मेरे बॉस नहीं हैं, मेरे बॉस प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हैं।' इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान का इतिहास सरकार पर सेना के नियंत्रण का रहा है।

# खस्ता हाल सड़कों की मरम्मत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर जिले की सड़कों की मरम्मत की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर कमेटी के अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गाजियाबाद की जो सड़कें क्षतिग्रस्त है उन्हें अविलंब मरम्मत की जाए।

हापुड रोड फ्लाईओवर और भाटिया मोड फ्लाईओवर की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। दोनों सड़कों पर जेसीबी द्वारा खुदाई की गई है। जिस कारण सड़कें बेहद खराब हालत में पहुंच गई है। हापुड रोड फ्लाईओवर और भाटिया मोड फ्लाईओवर की



सड़क की मरम्मत का काम जल्द किया जाना चाहिए। इन सड़कों के खस्ता हाल होने से लोगों को भारी सुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर हमेशा धूल उड़ती रहती है। 10 दिन पहले इन सड़कों को खोद कर रख दिया गया। लेकिन मरम्मत का काम अभी तक नहीं शुरू किया गया।

अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सड़क पर खुदाई के बाद रोड़ी के टुकड़े पड़े हैं। जिससे लोगों की मोटरसाइकिल, स्कूटर स्लिप होकर एक्सीडेंट हो रहे हैं। कोई बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती है जिसके लिए संबंधित विभाग ही जिम्मेदार होगा।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद शहर में घंटाघर से लेकर भाटिया रोड पुल तक दोनों पुलों को जेसीबी के पंजों के द्वारा खोदा गया है। जिसकी वजह से आसपास की आबादी में रहने वाले लोगों को पॉल्यूशन का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी आशुतोष शर्मा ने कहा कि रईसपुर से सदरपुर रोड जो कि कुछ माह पहले बना बनी थी लेकिन आज बेहद जर्जर हालत में है जिसके लिए निर्माणकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। 1 वर्ष के कार्यकाल भी पूरा नहीं करने से पहले ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। दोनों कार्यों को प्राथमिकता देते हुए काम कार्य जनहित में करवाने का कष्ट करें। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, कमलेश कुमारी, अश्वनी त्यागी आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, सूर्यकांत, आशीष प्रेमी और कई कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चेतावनी के बीच ईरान-रूस का संयुक्त अभ्यास शुरू, ट्रंप की सख्ती से बढ़ा तनाव

**काहिरा।** ट्रंप की 15 दिन की चेतावनी के बीच ईरान और रूस ने ओमान की खाड़ी में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। ड्रिल में हाईजैक जहाज छुड़ाने का ऑपरेशन और कई युद्धपोत शामिल रहे। अमेरिका ने विमानवाहक पोत तैनात कर दबाव बढ़ाया है। सीमित हमले की अटकलें भी तेज हैं।

पश्चिम एशिया में तनाव तेज है। एक ओर ट्रंप ने ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए 10 से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है, दूसरी ओर ईरान और रूस ने ओमान की खाड़ी और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई जा रही है।

ईरानी सेना की वेबसाइट के अनुसार, ईरान की सेना, इस्लामिक



रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स और रूस की स्पेशल ऑपरेशन टीमों ने अभ्यास के दौरान कथित हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने का ऑपरेशन किया। ड्रिल में ईरान का अलवंद डिस्ट्रॉयर, मिसाइल दागने वाले युद्धपोत, हेलीकॉप्टर, लैंडिंग क्राफ्ट, स्पेशल टीम और कॉम्बैट स्पीडबोट शामिल रहे।

होर्मुज के बाद नया संदेश?

यह अभ्यास उसी सप्ताह हुआ जब आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में ड्रिल की थी। उस दौरान रणनीतिक जलमार्ग कुछ समय के लिए बंद भी किया गया था। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम है। संयुक्त अभ्यास को क्षेत्रीय शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में कहा कि ईरान के पास डील के लिए 10 से 15 दिन हैं, इसके बाद ह्लबहुत बुरी चीजेंह्व हो सकती हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड को मिडिल ईस्ट भेजने का आदेश दिया। इससे पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन क्षेत्र में मौजूद है। अमेरिकी वायु और नौसैनिक ताकत में हाल के दिनों में बढ़ोतरी हुई है।

कुछ रिपोर्टों में दावा है कि वार्ता विफल होने पर हमले की संभावना बढ़ सकती है। एक आकलन में इसे 90 प्रतिशत तक बताया गया। सीमित सैन्य हमले के विकल्प पर भी चर्चा की खबरें हैं, जिनमें परमाणु और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही गई।

# 'हमले की स्थिति में अमेरिकी ठिकाने होंगे निशाना' ट्रंप की धमकी के बाद यूएन में ईरान ने दी चेतावनी

**तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़े तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने खुली चुनौती दी है। ईरान ने साफ कहा है कि हमले की स्थिति में अमेरिकी ठिकाने निशाना होंगे। बता दें कि, इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास समझौता करने के लिए सिर्फ 10-15 दिन का समय है।

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को एक कड़े पत्र में अमेरिका को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर कोई सैन्य हमला किया गया, तो वह तुरंत और सख्त जवाब देगा। ईरान ने कहा कि ऐसी स्थिति में मध्य-पूर्व क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य ठिकाने, हथियार और संसाधन निशाना बन जाएंगे।

पाकिस्तान ने अपने ही जवानों को दिया धोखाः बलूचिस्तान में बंधक सैनिकों को पहचानने से किया इनकार, खतरे में सात की जान



**अमेरिका ईरान के बीच क्यों बढ़ा तनावः** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के पास समझौता करने के लिए सिर्फ 10-15 दिन का समय है। इसके साथ ही ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे परिणाम हो सकते हैं।

ईरान ने रूस के साथ सैन्य अभ्यास किया। अमेरिका ने अपना दूसरा विमानवाहक युद्धपोत मध्य-पूर्व के पास भेजा। इन घटनाओं से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। कुल मिलाकर, अभी युद्ध की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं है।

लेकिन सैन्य तैयारियां, तीखे बयान और समय सीमा ने माहौल को बहुत संवेदनशील बना दिया है। पूरी दुनिया की नजर अब अमेरिका-ईरान संबंधों पर टिकी हुई है।

# अब खुलेंगे UFO और एरिया 51 से जुड़े सारे राज, ओबामा के दावे के बाद ट्रंप का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एलियन को लेकर दिए बयान के बाद अब डोनाल्ड ट्रंप ने वऋद्ध और एलियन से जुड़ी सभी सरकारी फाइलों को सार्वजनिक करने की बात कही है।

क्या एलियंस सच में धरती पर आते रहते हैं? इन सवालों पर अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसी घोषणा की है जिसने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एलियंस के अस्तित्व को लेकर किए गए दावों के बाद ट्रंप ने अब एलियंस और अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स (वऋद्ध) से जुड़ी तमाम सरकारी फाइलों को सार्वजनिक करने का आदेश दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों की इस विषय में गहरी दिलचस्पी को देखते




हुए यह फैसला लिया गया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि वह पेंटागन प्रमुख पीट हेगसेथ और अन्य एजेंसियों को यह जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश देंगे।

उन्होंने इस मामले को बेहद दिलचस्प और महत्वपूर्ण बताया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, इस मुद्दे पर लोगों की भारी दिलचस्पी को देखते हुए पेंटागन प्रमुख पीट हेगसेथ और अन्य सरकारी एजेंसियों को निर्देश दे रहे हैं कि वे एलियंस, अनआइडेंटिफाइड एरियल फेनोमेना (UAP) और UFO से जुड़ी फाइलों को पहचानने और उन्हें रिलीज करने की प्रक्रिया शुरू करें।

**ट्रंप ने ओबामा पर लगाया बड़ा आरोप**

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर गंभीर आरोप लगाए। ट्रंप ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि ओबामा ने एलियन के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करके गोपनीय जानकारी को गलत तरीके से उजागर किया है। ट्रंप ने कहा कि ओबामा ने एक बड़ी गलती की है।

ट्रंप ने सुझाव दिया कि अगर ओबामा की टिप्पणी खुफिया जानकारी पर आधारित थी, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी को उजागर करने जैसा हो सकता है। हालांकि, उन्होंने अपने आरोप के समर्थन में किसी विशेष गोपनीय सामग्री या सबूत का हवाला नहीं दिया।

जॉर्जिया जाते समय ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, उन्होंने इसे गोपनीय जानकारी से बाहर निकाला, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

### ओबामा ने क्या कहा था

शनिवार को जारी एक पॉडकास्ट में होस्ट ब्रायन टायलर कोहेन ने ओबामा से पूछा था कि क्या एलियन असली हैं। इस पर ओबामा ने कहा, वे असली हैं, लेकिन मैंने उन्हें नहीं देखा है, और उन्हें एरिया 51 में नहीं रखा गया है। वहां कोई भूमिगत सुविधा नहीं है, जब तक कि कोई बहुत बड़ी साजिश न हो और उन्होंने इसे अमेरिका के राष्ट्रपति से छिपाया हो। बाद में ओबामा ने इंस्टाग्राम पर स्पष्ट किया कि इतने बड़े ब्रह्मांड में इस बात की संभावना अधिक है कि कहीं और भी जीवन हो। लेकिन सौर मंडलों के बीच की दूरी इतनी ज्यादा है कि एलियन के हम तक आने की संभावना कम है। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान एलियन के संपर्क करने का कोई सबूत नहीं मिला।

# नेपाल चुनाव में राजनीतिक दलों ने जारी किए घोषणा पत्र

## पड़ोसी देशों से मैत्रीपूर्ण संबंधों का वादा

**नेपाल में अगले महीने होने वाले आम चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से अपनी-अपनी तैयारियां परखी जा रही हैं। इस कड़ी में तीन राजनीतिक दलों ने चुनाव को लेकर घोषणा पत्र जारी किया है। इन दलों ने अपने घोषणा पत्र में पड़ोसी देशों से मैत्रीपूर्ण संबंधों का वादा किया है।**

**काठमांडू।** 5 मार्च को होने वाले आम चुनावों से पहले नेपाल की तीन प्रमुख राजनीतिक पार्टियों नेपाली कांग्रेस (एनसी), नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यू) और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने गुरुवार को अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्र जारी किए। तीनों दलों ने पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण और संतुलित संबंधों पर जोर दिया है।

जहां पारंपरिक दल एनसी और यूएमएल की विदेश नीति उनके पूर्व शासन अनुभव के आधार पर जानी-पहचानी है, वहीं अगली सरकार का नेतृत्व करने की आकांक्षा रखने वाली आरएसपी की विदेश नीति को लेकर खास उत्सुकता थी। पार्टी ने पूर्व काठमांडू महानगरपालिका मेयर बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। आरएसपी ने अपने घोषणा पत्र में 'संतुलित और गतिशील कूटनीति' अपनाने की बात कही है। पार्टी ने नेपाल को 'बफर स्टेट' से 'सक्रिय सेतु' (वाइब्रेंट ब्रिज) में बदलने का संकल्प जताया है। इसके तहत त्रिपक्षीय आर्थिक साझेदारी और




क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने की योजना है, विशेष रूप से भारत और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ।

पार्टी ने माना कि नेपाल में भारत और चीन के रणनीतिक हित हैं और वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव हो रहा है। ऐसे में नेपाल को सक्रिय और लचीली कूटनीतिक नीति अपनानी चाहिए, ताकि वह बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के उदय से लाभ उठा सके। आरएसपी ने पिछले दशक में भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, उच्च गुणवत्ता वाली भौतिक परियोजनाओं, अर्थव्यवस्था के औपचारिककरण और औद्योगिक-सेवा क्षेत्र समन्वय में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल दक्षिणी पड़ोसी के अनुभव से लाभ ले सकता है। साथ ही, चीन के साथ रियायती वित्तपोषण के जरिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, राज्य-निर्देशित विकास योजना और अंतर-प्रांतीय प्रतिस्पर्धा के मॉडल से सीखने पर भी जोर दिया गया है।


एनसी ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि उसकी विदेश नीति के तहत नेपाल किसी भी रक्षा, सैन्य या सुरक्षा संघर्ष का हिस्सा नहीं बनेगा और न ही प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में शामिल होगा। पार्टी ने समानता के आधार पर सभी देशों के साथ मित्रता बनाए रखने के अपने पुराने सिद्धांत को दोहराया। पार्टी ने कहा, 'हमारे पड़ोसी और मित्र देशों के साथ संबंध समानता और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होंगे तथा पारस्परिक लाभ और आर्थिक साझेदारी के आधार पर आगे बढ़ाए जाएंगे।' पार्टी ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रहेगा।

सीपीएन-यूएमएल ने भी अपनी लंबे समय से चली आ रही विदेश नीति 'सबसे मित्रता, किसी से शत्रुता नहीं' को दोहराया। पार्टी ने पड़ोसी मित्र देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध और सहयोग को मजबूत करने तथा व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ाव बढ़ाने का संकल्प जताया। यूएमएल ने कहा कि उसके नेतृत्व में नेपाल किसी भी पड़ोसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखेगा और ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा जिससे उनके हितों को नुकसान पहुंचे। आगामी चुनावों में विदेश नीति, क्षेत्रीय संतुलन और पड़ोसी देशों के साथ संबंध प्रमुख मुद्दों में शामिल होते दिख रहे हैं।

# 25 नहीं, 30 की उम्र तक पूरी तरह विकसित होता है दिमाग नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने तोड़ा फ्रंटल लोब मिथ

**नई दिल्ली।** दशकों से यह दावा किया जाता रहा है कि इंसान का फ्रंटल लोब 25 वर्ष की उम्र तक पूरी तरह विकसित हो जाता है। ब्रेन-इमेजिंग अध्ययनों के सीमित डाटा पर बनी यह मान्यता अब अधूरी मानी जा रही है। हालिया शोध से संकेत मिला है कि मस्तिष्क की वायरिंग, नेटवर्क दक्षता और संरचनात्मक संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव 30 की शुरूआती उम्र तक जारी रहते हैं। इसका अर्थ है कि 25 वर्ष मस्तिष्क परिपक्वता की अंतिम सीमा कभी था ही नहीं।

शोध के अनुसार फ्रंटल लोब को योजना बनाने, निर्णय लेने, निर्णय क्षमता, भावनात्मक नियंत्रण और सामाजिक व्यवहार जैसे उच्च-स्तरीय कार्यों के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इसी वजह से जब युवा आवेगपूर्ण व्यवहार करते हैं या अस्थिरता महसूस करते हैं, तो अक्सर कहा जाता है कि उनका फ्रंटल लोब अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुआ है। 20 और 30 के शुरूआती उम्र के कई लोगों के लिए यह विचार सांत्वना देने वाला भी रहा



है कि जीवन की उलझनों के पीछे आंशिक रूप से जैविक कारण हो सकते हैं। जब हम छोटे होते हैं, तो मस्तिष्क बहुत ज्यादा रास्ते बना लेता है जैसे हर सड़क में गली बना दी जाए। उम्र बढ़ने के साथ दिमाग तय करता है कि कौन-से रास्ते उपयोगी हैं और कौन-से नहीं। जो कम इस्तेमाल होते हैं, वे खत्म हो जाते हैं और जरूरी रास्ते चौड़े व मजबूत हो जाते हैं। यही प्रक्रिया न्यूरल प्रूनिंग कहलाती है। इसी कारण किशोरावस्था में सोचने का तरीका बदलता है।

यदि 20 की उम्र तक मस्तिष्क निमार्णाधीन है, तो सवाल उठता है कि इस संरचना को बेहतर बनाने के लिए क्या किया जा सकता है। इसका उत्तर न्यूरोप्लास्टिसिटी में निहित है, यानी मस्तिष्क की स्वयं को पुनर्गठित और पुनर्संरचित करने की क्षमता।

हालांकि मस्तिष्क जीवन भर परिवर्तनशील रहता है, लेकिन नौ से 32 वर्ष की अवधि संरचनात्मक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर मानी गई है।


**NAME CHANGED**

I, GEETA CHAUDHARY D/O Yashpal Singh R/0 Home no - 225, village sadarpur Ghaziabad Utter Pradesh, have change my name From Geeta Chaudhary to Geeta Devi for all future purposes.

**NAME CHANGED**

I, RISHIPAL S/O Hukama Singh R/0 Home no - 225, village sadarpur Ghaziabad Utter Pradesh, have change my name From Rishipal to Rishipal Singh for all future purposes.

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 & 18001 प्रमाणित संस्था) | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# एडिशनल सीपी ने ट्रैफिक कंट्रोल और सिस्टम सुधार को लेकर की मैराथन बैठक

## डीसीपी, एसीपी और इंस्पेक्टरों को दिए सीधे सुधारात्मक निर्देश





### नियम तोड़ने वालों की होगी अनिवार्य वीडियोग्राफी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और सिस्टम में सुधार लाने के उद्देश्य से एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात राज करन नैय्यर अलर्ट मोड पर हैं।

शुक्रवार शाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में डीसीपी ट्रैफिक, सभी प्रमुख एसीपी, निरीक्षक और प्रमुख चौराहों पर तैनात उपनिरीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रात तक चली, जिसमें ट्रैफिक नियंत्रण से जुड़ी जमीनी समस्याओं और समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की शुरूआत में एडिशनल सीपी ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनकी कार्यक्षेत्र संबंधी चुनौतियों को जाना। इसके बाद उन्होंने एसीपी स्तर के अधिकारियों और निरीक्षकों से सीधे सवाल-जवाब कर ट्रैफिक प्रबंधन की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बॉडी-वॉर्न कैमरा और मोबाइल फोन से अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी की जाए, ताकि कार्रवाई पारदर्शी और प्रभावी हो।


### आम जनता से विनम्र व्यवहार पर जोर

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी ने ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान आम नागरिकों के साथ शालीन, विनम्र और मधुभाषी व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सख्ती के साथ-साथ संवेदनशीलता भी जरूरी है, जिससे जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे। अतिक्रमण को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख चौराहों, कट्स और वाहन संचालन केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। शहर के व्यस्त और संवेदनशील स्थानों पर ट्रैफिक फ्लो सुधारने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाने को कहा गया।

### ई-रिक्शा और ऑटो पर कड़ी निगरानी

**करंट क्राइम :** बैठक में एडिशनल सीपी ने ई-रिक्शा और ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात कर्मियों को लगातार निगरानी रखने और नियम उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया। एडिशनल सीपी आईपीएस राज करन नैय्यर के स्पष्ट और सख्त निर्देशों से यह संकेत मिला है कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के साथ नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा और कसा जाएगा।

# क्रॉसिंग हाउसिंग सोसाइटी में सांसद अतुल गर्ग की पटना से आए अतिथियों से मुलाकात, चाय पर हुई चर्चा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्रॉसिंग हाउसिंग सोसाइटी, गाजियाबाद में आज पटना (बिहार) से आए अतिथियों से स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में चाय पर विभिन्न सामाजिक और समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय विकास, जनसंपर्क और सामाजिक समन्वय जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सांसद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गाजियाबाद की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर भाजपा नेता रामावतार जिंदल भी मौजूद रहे। उन्होंने भी अतिथियों का अभिवादन कर संवाद में सहभागिता की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय का नोएडा स्थानांतरण जनविरोधी

## गाजियाबाद-नोएडा के लिए अलग कार्यालय की उठी मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में संचालित हजारों सोसायटियों, आरडब्ल्यूए, एओए और शिक्षण संस्थानों के हितों की रक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डिप्टी रजिस्ट्रार (फर्म, सोसायटी और चिट्स) कार्यालय को गाजियाबाद से गौतम बुद्ध नगर स्थानांतरित करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है।

### जनहित की अनदेखी का आरोप

**करंट क्राइम।** विनीत शर्मा ने पत्र में कहा कि गाजियाबाद में वर्तमान में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत 20,000 से अधिक समितियाँ पंजीकृत हैं। कार्यालय को नोएडा स्थानांतरित करने से गाजियाबाद के लाखों निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इसे एक 'प्रतिगामी कदम' बताते हुए कहा कि मेरठ से गाजियाबाद कार्यालय आने में पहले ही काफी समय लगा था, और अब इसे फिर से हटाना आम जनता की जेब और समय पर सीधा प्रहार है।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

**करंट क्राइम।** विनीत शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव से इस प्रस्तावित फेरबदल को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का अनुरोध किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यालय को शिफ्ट करने के बजाय गाजियाबाद कार्यालय में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और सभी अभिलेखों का अविलंब डिजिटलीकरण किया जाए ताकि जनता को पारदर्शी और सुलभ सेवा मिल सके। इस संबंध में सूचना एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को भी प्रतिलिपि भेजकर हस्तक्षेप की मांग की गई है।



### प्रमुख मांगें और चिंताएं

**दूरी और आर्थिक बोझ :** गाजियाबाद से नोएडा जाने में आम आदमी को घंटों ट्रैफिक और सफर की मार झेलनी होगी, जिससे कामकाजी लोगों के वेतन और समय का नुकसान होगा। **अव्यवस्थित रिकॉर्ड्स :** वर्तमान में कार्यालय में स्टाफ की कमी है और रिकॉर्ड्स का डिजिटलीकरण नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में फाइलों का स्थानांतरण रिकॉर्ड्स के गुम होने या खराब होने का खतरा पैदा करेगा।

**स्वतंत्र कार्यालय की आवश्यकता :** माँग की गई है कि गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर दोनों जिलों के लिए अलग-अलग डिप्टी रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाएं और दोनों स्थानों पर स्वतंत्र कार्यालय संचालित हों।

# कफ सिरप सिंडिकेट पर बड़ी कार्रवाई

## सौरभ त्यागी और पत्नी की दो करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

### कमिश्नरेट पुलिस की कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी और उसके अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट पर शिकंजा कसते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर क्राइम ब्रांच और नंदग्राम थाना पुलिस ने कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड सौरभ त्यागी और उसकी पत्नी मोहिनी त्यागी की करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। डीसीपी सिटी जोन ने बताया है कि यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 68-एफ के तहत की गई है, जिसका प्रयोग पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहली बार किया गया। साथ ही मामले सफीना के अंतर्गत भी जांच व कार्रवाई की गई है। बता दें कि पुलिस के अनुसार 4 नवंबर 2025 को सूचना के आधार पर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। ट्रकों में चूने की बोरियों के बीच छिपाकर ले जाए जा रहे हजारों कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किए गए थे। जिनकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 40 लाख रुपये थी। इसके अलावा पुलिस ने एक हुंडई क्रेटा कार, 20 लाख रुपये नकद, 2 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन फर्जी सिम कार्ड, फर्जी दस्तावेज और टैक्स संबंधी कागजात भी जब्त किए थे।







### आय से कई गुना अधिक संपत्ति

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने बताया है कि जांच में सामने आया कि सौरभ त्यागी ने पिछले 5 वर्षों में मात्र 60 लाख रुपये की आय दर्शाई, जबकि वर्ष 2020 से 2025 के बीच उसकी पत्नी मोहिनी त्यागी के नाम पर 2 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की गई, जो सीधे तौर पर कफ सिरप तस्करी से जुड़ी पाई गई। उधर एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के अनुसार पुलिस ने इंदिरापुरम क्षेत्र में कई अचल व चल संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनमें शक्ति खंड में एक दुकान (कीमत लगभग 45 लाख रुपये), राजहंस सोसायटी का एक फ्लैट, शक्ति खंड-2 व न्याय खंड में व्यावसायिक दुकानें (खरीद मूल्य लगभग 23 लाख रुपये से अधिक), वाहनों में हुंडई क्रेटा, हुंडई ग्रैंड 10 और मारुति वैगनआर गाड़ी शामिल हैं। वहीं विभोर राणा पर भी आने वाले दिनों में शिकंजा कसेगा।



### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई : सीपी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने स्पष्ट किया कि जीरो टॉलरेंस के निर्देश पर आदतन और संगठित अपराध करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस प्रकरण में पुलिस बल के साथ न सिर्फ कुर्की और मुनादी की गई, बल्कि आगे की कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैम्बर मिस्टर मोहन और मिस्टर भाटी मैम्बर जय और वीरू को शायद दे रहे हैं चुनौती? उन्होंने मुख्यालय पर ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के पक्ष में जमकर निकाले अपने अल्फाज? कहा हमारी नेता लेती हैं जनता के हक में फैसले? हमें है उन पर नाज? देखने वाले देख रहे थे दोनों की यही कोशिश थी ? कैसे भी जय और वीरू के कानों तक पहुंचे उनकी ये आवाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा क्रांतिकारी त्यागी जी ने लगता है कर दिया है अब पूर्ण रूप से सरेन्डर? ऐसा नजारा हमने तब देखा जब हुए हम जनप्रतिनिधि के रूम में एन्टर? हमने देखा जबतक जनप्रतिनिधि बैठे रहे तब तक त्यागी जी भी रहे उनके सामने वाली सीट पर विराजमान? ऐसा लग रहा था जैसे वो खींचना चाहते हों जनप्रतिनिधि का ध्यान? कहने वाले ने कहा परिवर्तन तो आ ही जाता है? आग उगलने वाले भी हो जाते हैं खामोश? जब होने लगते हैं उनके मौहल्ले में काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात आयी है घूमकर कईयों के पास? कहने वाले कह रहे हैं साईकिल वाले ने कर दिया है डॉक्टर का ईलाज? चर्चा में है यहां पर बहुत बड़ा खर्चा? पता नहीं किस नाम पर काटा है इन्होंने पर्चा? कहने वाले ने कहा आज नहीं तो कल पूरी बात आयेगी बाहर? हम कहीं पर खड़े थे? वहां पर तीन लोग कर रहे थे इसी पर विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैम्बर हसबैंड मिस्टर गौतम की अदा है सबसे जुदा? वो अपने अलावा किसी को नहीं मानते हैं खुदा? मगर जब आती है विकास कार्य की बात? तब उनको ग्रुप पर लिखने पड़ते हैं अपने दर्द वाले अल्फाज? सुना है कि उन्होंने ग्रुप पर डिप्टी साहब को किया अपना दर्द टैग? कहा ना जाने हमारा विकास वाला कोटा कहां खो गया? तानाशाही वाला मामला हमारे साथ हो गया? देखना अब ये है कि डिप्टी साहब क्या निकाल पायेंगे गौतम जी की समस्या का समाधान? ग्रुप पर लिख देने से कहां होते हैं विकास वाले काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर के हसबैंड मिस्टर गोयल भी कर रहे थे ग्रुप पर अपना दर्द प्रकट? कह रहे थे हम नही पहुंच पा रहे हैं ताकतवर नेता के निकट? वो नहीं उठा रहे हैं हमारे फोन? अब आप ही बताओ ये तो वो ही बात हुई ना हम आपक हैं कौन? अब हम अपना दर्द किसको बतायें? क्या करें उस वक्त जब मुखिया फोन ना उठाये?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा किसान वाले जानें इस बात को कैसे सह रहे थे? सुना है वो अपने दर्दे ए दिल की बात साथियों से कह रहे थे? कह रहे थे कि अगर महामंत्री रह गये तीन तो फिर कैसे बजेगी हमारी बीन? ऐसे तो बिगड़ता दिख रहा है हमको सीन? फिर इस बात को सुनने वाले ने हंसकर पहुंचाया हम तक संदेश? कहा गलतफहमियां अगर समय से दूर हो जायें तो नहीं लगती है दिल को ठेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैडम मैम्बर ने पूरी शीतलता से दिया मैम्बर त्यागी जी को ज्ञान? कहा इतना भी अपने कामों के लिए अधिकारियों के आगे मत मोल्ड हो आप श्रीमान? कहा कि आपका है बहुत ही मजबूत फेस? आप ऐसे झुकते हो तो नहीं जाता है मजबूत संदेश? देखना अब ये है कि मैम्बर त्यागी कितनी मानते हैं उनकी बात? वो जानते हैं ज्यादा तकरार की तो फिर अवरूद्ध हो जाता है विकास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे निगम में उद्घाटन वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर पत्थर से पर्दा हटाने को व्याकुल दिख रहा था पार्षदों का किरदार? सब थे पर्दा हटाकर यहां पर फोटो खिंचवाने को तैयार? इससे पहले वो पूरे करते अपने अरमान? यहां पर टॉमक्रूज ने खींचा सबका ध्यान? कहा शायद आप भूल गये हो पूर्व में किसी के गले में माला ड़लने वाला इतिहास? थोड़ी देर के लिए सब्र करो? नहीं तो कोई हो सकता है नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उद्घाटन से पहले ही उठा रहे थे मैम्बर पूरा गर्दा? हटाना चाहते थे वो पत्थर के सामने से पर्दा? हर कोई देखना चाहता था कि पत्थर पर है या नहीं उनका नाम? जब हुआ उद्घाटन तब आया सबके सीने में आराम? कई मैम्बर बोले अब तो हमारा नाम हो गया है इतिहास में दर्ज? अब भविष्य में कोई भी सदन बने? हम हर किसी के दिलो दिमाग में रहेंगे अर्ज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आजकल गर्ग साहब के साथ खूब नजर आ रहे हैं जिन्दल साहब? कुछ ऐसा ही नजारा हमने क्रॉसिंग में देखा साहब? बिहार से आये अतिथियों को रिसीव करने के लिए स्पेश्ली गर्ग साहब मिस्टर जिन्दल को लेकर गये थे अपने साथ? कहने वाले ने कहा कि हम सच बता रहे हैं कि वो उनके लिए जरूर कुछ बड़ा करने वाले हैं? क्योंकि फिर नहीं छोड़ते जब गर्ग साहब थाम लेते हैं किसी का हाथ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# लोहा मंडी में यूपीसीडा का विशेष कैंप

## व्यापारियों ने मौके पर जमा किया मेंटेनेंस शुल्क



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मेंटेनेंस चार्ज जमा करने के लिए गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में एक कैंप संगठन के कार्यालय में लगाया गया जिसमें लोहा मंडी क्षेत्र के विभिन्न उद्यमियों और व्यापारियों को मेंटेनेंस चार्ज के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई और साथ की साथ ऑनलाइन जमा करने के लिए भी सुविधा प्रदान की गई। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने आकर के इस कैंप का लाभ लिया और समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित अधिकारियों से वार्ता की। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल और गाजियाबाद के सभी औद्योगिक संगठन सदैव उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के किसी भी कार्य में सहयोग करते हैं उसी क्रम में आज लोहा मंडी में यह कैंप लगाया गया है जिसमें संगठन के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन और महामंत्री अमरीश जैन विकास जैन इत्यादि उपस्थित रहे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रबंधक श्याम सिंह और अकाउंट विभाग से श्री अरुण कुमार उपस्थित रहे।


## पुष्पांजलि



हम सभी के परम स्नेही, भाजपा के वरिष्ठ नेता

**श्री विंध्यवासिनी कुमार जी**

(पूर्व नेता विधान परिषद एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा) अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर दिनांक 12 फरवरी 2026 को स्वर्ग लोक सिधार गए हैं

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| पुष्पांजलि | : | 21 फरवरी 2026 |
| समय | : | अपराह्न 3 बजे |
| स्थान | : | हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय |

कृपया समय से उपस्थित होकर आप भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें

बालेश्वर त्यागी, पूर्व मंत्री | हिमांशु लव (पूर्व पार्षद) | सचिन सोनी


## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।